Nikhaar
FANCY STORES
आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
Mukesh Agrawal
9340378220, 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
साझा करें अपने मित्रों से
श्रीकंचनपथ ONLINE
visit us http://www.shreekanchanpath.com
वर्ष- 13, अंक - 119 | भिलाई, रविवार 13 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

BATTERY ZONE
Deals In: All Types of Battery and Invertor
इन्वर्टर + बैटरी
मात्र
13,000/- में
Mo.- 9109013555
Opp. Majar, G.E. Road, Shastri Nagar, Bhilai (C.G.)
Email : batteryzonebhilai@gmail.com

किराये से देना है
15x20 डबल स्टोरी दुकान किराये से देना है।
संपर्क :- 99933-16015
किराया - 8000 से 10000 मात्र
हाइवे पेट्रोल पंप के सामने दुर्गा मंदिर के बाजू में
जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आभूषण एवं माला गुथाई (रिपेयरिंग) अंगूठी व मंगलसूत्र बनाया जाता है।
एस.आर. ज्वेलर्स
सभी प्रकार के ग्रहरत्नों के विक्रेता
प्रो. जितेन्द्र कुमार सोनी
9294510324, 7489986199
बोरसी रोड, आदर्श नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# लोकवाणीः रोजगार बढ़ाने पर जोर

## तीन साल में 1715 नए उद्योग स्थापित, 33 हजार लोगों को मिला रोजगार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 26वीं कड़ी में ''सुगम उद्योग, व्यापार-उन्नत कारोबार'' विषय पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग, व्यापार और कारोबार के लिए अनुकूल वातावरण है। राज्य में हमने शुरू से ही ऐसे कार्यों को महत्व दिया है, जिससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए और रोजगार के अवसर बढ़ें। बीते तीन वर्षों में 1 715 नए उद्योग स्थापित हुए, जिसमें 19 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ तथा 33 हजार लोगों को रोजगार मिला है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारे फैसलों से गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। उसका लाभ उद्योग और व्यापार जगत को मिला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने औद्योगिक नीति 2019-2024 की घोषणा की थी, जिसमें फूड, एथेनॉल, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस, दवा, सोलर जैसे नए उद्योगों को प्राथमिकता दी गई थी। हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ में सेवा क्षेत्र को बहुत प्रोत्साहन मिले। इसके लिए पर्यटन के अलावा अन्य कार्यों को भी चिन्हांकित किया गया है।

एमएसएमई.सेवा श्रेणी उद्यमों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, सेवा केन्द्र, बीपीओ, 3-डी प्रिंटिंग, बीज ग्रेडिंग इत्यादि 16 सेवाओं को सामान्य श्रेणी के उद्योगों की भांति औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के दौरान हमने देखा कि बहुत से मेडिकल उपकरण तथा सामग्री स्थानीय स्तर पर ही बनाए जा सकते हैं, इसलिए इन्हें भी उद्योगों की भांति औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन देने का प्रावधान किया है।

### औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन नियमों का सरलीकरण

औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन नियमों का सरलीकरण किया गया था, जिसके अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन भू-प्रब्याजी में 30 प्रतिशत की कमी की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों में भू-भाटक में 33 प्रतिशत की कमी की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों एवं औद्योगिक क्षेत्रों से बाहर 10 एकड़ तक आबंटित भूमि को लीज़ होल्ड से फ्री होल्ड किए जाने हेतु नियम तैयार कर अधिसूचना जारी की गई।

### फूडपार्क की स्थापना के लिए 110 विकासखण्डों में भूमि का चिन्हांकन

हमने अपना वादा निभाते हुए विकासखण्डों में फूडपार्क की स्थापना के लिए 110 विकासखण्डों में भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। औद्योगिक नीति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, कृषि उत्पादक समूहों, तृतीय लिंग के लोगों के लिए विशेष पैकेज हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऐसा कोई प्रावधान औद्योगिक नीति में नहीं था। इस दिशा में ध्यान देते हुए ओबीसी प्रवर्ग हेतु 10 प्रतिशत भू-खण्ड आरक्षित किए जाएंगे। जो कि भू-प्रीमियम दर के 10 प्रतिशत दर तथा 1 प्रतिशत भू-भाटक पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मापदण्डों में छत्तीसगढ़ पहले 6 राज्यों में शामिल

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मुझे यह कहते हुए खुशी है कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मापदण्डों में हमारा छत्तीसगढ़ देश के प्रथम 6 राज्यों में शामिल है। उद्योग विभाग द्वारा एकल खिड़की प्रणाली से 56 सेवाएं ऑनलाइन दी जा रही हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत 82 सेवाएं ऑनलाइन की गई हैं, जिसमें दुकान पंजीयन से लेकर कारोबार के लायसेंस तक शामिल हैं। हमने गुमाश्ता एक्ट के अंतर्गत हर साल नवीनीकरण की अनिवार्यता को समाप्त किया ताकि छोटे व्यापारियों को राहत मिले।

### लोकवाणी की महत्वपूर्ण बातें

- सीएम बघेल ने कि हमने छोटे भू-खण्डों की खरीदी और बिक्री पर पूर्व में, शासन द्वारा लगाकर रखी गई रोक को हटाने का निर्णय लिया। इस एक निर्णय से 2 लाख 87 हजार भू-खण्डों के सौदे हुए। हमने महिलाओं के पक्ष में पंजीयन कराने पर स्टाम्प शुल्क में छूट दी है, जिससे 50 हजार 280 पंजीयन पर 37 करोड़ रुपए से अधिक की छूट दी गई है।
- मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पर्यटन से भी राज्य में बड़े पैमाने पर रोजगार के नये अवसर बनेंगे। इसके लिए हमने आस्था स्थलों के विकास की रणनीति अपनाई है। राम वन गमन पथ, माता कौशल्या मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के साथ ही देवगुड़ी तथा घोटुल स्थलों का विकास किया जा रहा है। सतरेंगा, सरोधा दादर, बालाछापर सरना, गंगरेल आदि स्थानों पर नए तरह के पर्यटन की सुविधाएं विकसित की गई
- मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ प्रवासी श्रमिक नीति 2020 को तैयार कर अधिसूचित किया है। इस नीति के तहत वापस लौटे प्रवासी श्रमिकों का ऑनलाइन पंजीयन किया गया। इसमें 64 लाख श्रमिकों का पंजीयन करते हुए देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। हमने कारखाना अधिनियम के तहत कामगारों की सेवानिवृत्ति आयु 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष कर दी है।
- मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने अधोसंरचना विकास के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनाई है। प्रदेश में 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत से सड़कों के निर्माण की कार्ययोजना बनाई गई है, जिसमें विभिन्न स्तरों पर काम चल रहा है।
- सीएम बघेल ने कहा कि हमने विगत तीन वर्षों में डॉक्टरों तथा मेडिकल स्टाफ की संख्या लगभग दोगुनी कर दी है। विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों से स्थानीय युवाओं को जोड़ने के लिए हमने ई-श्रेणी पंजीयन की व्यवस्था की है, जिसमें विकासखण्ड स्तर पर 5 हजार युवाओं का पंजीयन किया गया है।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने खनिज आधारित उद्योगों के स्थान पर ऐसे उद्योगों को प्राथमिकता दी गई जिससे पर्यावरण प्रभावित न हो। कृषि और वानिकी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। एक ओर धान की खेती करने वाले किसानों का मनोबल बढ़ाया वहीं दूसरी ओर वैकल्पिक फसलों के प्रति भरपूर जागरुकता पैदा की गई।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद राहुल गांधी ने 3 फरवरी को छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान ऐसे नए किसानों और उद्यमियों से भेंट की तथा उनके उत्पादों की दिल खोलकर तारीफभी की। इसी तरह छत्तीसगढ़िया भाई-बहनों के हाथों के हुनर ने भी खूब तारीफबटोरी। राहुल गांधी जी ने खुले मंच से कहा कि छत्तीसगढ़ के उत्पाद अब देश और दुनिया में भेजे जाने चाहिए।
- सीएम बघेल ने कहा कि हमने अब छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन का गठन कर दिया है, जिससे 5 वर्ष में 15 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य दिया गया है। हमने सरकारी विभागों तथा अर्द्धसरकारी संस्थाओं में लाखों लोगों को नौकरी देकर यह साबित किया है कि यदि सरकार की इच्छा शक्ति मजबूत हो तो नई पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहेगा।
- मुख्यमंत्री बघेल ने अंत में कहा कि मैं अपने युवा साथियों से अनुरोध करता हूं कि वे अपनी रुचि, अपने समाज, अपने प्रदेश के हित में अपनी आजीविका का जो भी रास्ता चुनें, उस पर डटे रहें। आप में वह क्षमता है कि किसी भी काम को चमका सकते हैं।

## खास-खबर

### मंदिर निर्माण कार्य के दौरान हुआ हादसा, 40 फिट से गिरकर दो मजदूरों की मौत

**चित्तौड़गढ़ (एजेंसी)।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में आज सुबह हुए एक हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई। हादसा प्रसिद्ध तीर्थस्थल मातृकुंडिया में एक मंदिर के निर्माण कार्य के दौरान हुआ। हादसे में तीन श्रमिक गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार सुबह जिले में राशमी थाना क्षेत्र के मातृकुंडिया में जाट समाज का मंदिर बन रहा है। इस मंदिर पर लगभग चालीस फुट की ऊंचाई मजदूर काम कर रहे थे। तभी अचानक लकड़ी का प्लेटफार्म टूट जाने से पांच मजदूर गिर गए। इससे दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस एवं लोगों की मदद से घायलों को राशमी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें चितौड़गढ़ भेज दिया गया। थानाधिकारी शिवलाल मीणा ने बताया कि ये श्रमिक पाली जिले के निवासी हैं। मृतकों की पहचान कालू एवं राजू के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विधायक अर्जुन जीनगर भी अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिले।

### सेल्फी ने ले ली जानः फोटो खींचते वक्त ट्रेन की चपेट में आए तीन युवक, दो ने मौके पर ही तोड़ दिया दम

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में सेल्फी के चक्कर में दो युवकों की जान चली गई। वहीं इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने बताया कि मेदिनीपुर में रेलवे लाइन पर सेल्फी लेने के दौरान यह हादसा हुआ। इसमें 36 वर्षीय मिथुन खान और 32 वर्षीय अब्दुल गेन की मौत हो गई।

# शादी के दौरान मंच पर ही दुल्हन की मौत माता-पिता ने अंगदान कर पेश की मिसाल

**कोलार (एजेंसी)।** कई बार जीवन में आप कुछ और सोच रहे होते हैं लेकिन भाग्य को कुछ और मंजूर होता है। कुछ ऐसा ही हुआ कर्नाटक के कोलार जिले में रहने वाले एक माता-पिता के साथ। वह बेटी की शादी बड़े धूम-धाम से कर रहे थे। पूरे परिवार में खुशियां मनाई जा रही थीं, कि तभी स्टेज में 26 वर्षीय दुल्हन अचानक मंच पर गिर गई। उसे परिवार के लोग इलाज के लिए अस्पताल लेकर भागे, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

इस घटना ने शादी समारोह में आए सभी लोगों को झकझोर दिया। कुछ पलों पहले जहां खुशियां मनाई जा रहीं थी, वहां मातम छा गया। मगर, दुल्हन के माता-पिता ने बेटी के अंगदान कर एक मिसाल कायम की है। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री केके सुधाकर ने युवती के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया और माता-पिता के फैसले का स्वागत किया।



उन्होंने बताया कि चैत्रा की शादी हो चुकी थी और रिसेप्शन के दौरान दुल्हन-दूल्हे के साथ बैठ गई थी, तभी अचानक बेहोश होकर मंच पर ही गिर गई। तब तत्काल चैत्रा के परिजन उन्हें पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बैंगलोर निमहंस अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे वहां ले गए तो डॉक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

### माता-पिता के लिए कठिन समय, बेटी के अंग दान किए।

चैत्रा के माता-पिता के लिए यह समय बहुत कठिनाई भरा था। मगर, उन्होंने चैत्रा के अंगदान करके समाज के लिए एक मिसाल पेश की। इस मामले में कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने ट्वीट किया- 26 साल के चैत्रा के लिए यह एक बड़ा दिन था लेकिन नियति की कुछ और ही योजना थी। वह कोलार जिले के श्रीनिवासपुर में अपनी शादी के रिसेप्शन के दौरान गिर गईं। बाद में उन्हें NIMHANS में ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। दिल तोड़ने वाली त्रासदी के बावजूद, उसके माता-पिता ने उसके अंग दान करने का फैसला किया है।

# मादा दरियाई घोड़े की मौत, सालभर पहले भुनेश्वर से लाया गया था बिलासपुर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के कानन पेंडारी मिनी जू (चिड़ियाघर) में शनिवार को एक मादा हिप्पोपोटामस (दरियाई घोड़ा) की मौत हो गई है। हिप्पो की मौत की खबर से जू प्रबंधन में हड़कंप मच गया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हिप्पो की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं वन विभाग के अफसर पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह सामने आने की बात कह रहे हैं।

कानन पेंडारी के रेंजर संजय लूथर के अनुसार मादा हिप्पोपोटामस की उम्र लगभग 4 वर्ष थी। मादा हिप्पो को फरवरी 2021 में ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित नंदन कानन से लाया गया था। जू कीपर के अनुसार मादा हिप्पोपोटामस ने शनिवार की सुबह 9.30 बजे हरा चारा खाया था। इसके बाद 11 बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी वरिष्ठ अफसरों को दी गई। वन अफसर भी जू पहुंचे। डॉक्टरों की मौजूदगी में 4 से 5 बजे पोस्टमार्टम किया गया। जू प्रबंधन व वन विभाग के अफसर इस मामले की जांच कर रहे हैं।

### पशु चिकित्सकों की समिति ने किया पीएम

संचालक अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व बिलासपुर, अधीक्षक एवं परिक्षेत्राधिकारी कानन पेंडारी जू की उपस्थिति में पशु चिकित्सकों की समिति गठित कर पीएम किया गया। पोस्टमार्टम डॉ. आरएम त्रिपाठी, डॉ. राम ओत्तलवार, डॉ. अजीत पांडेय कानन पेंडारी जू द्वारा किया गया। परीक्षण के लिए बिसरा एकत्रित करने के बाद हिप्पो का शव दफनाया गया। पशु चिकित्सकों की समिति द्वारा हिप्पो की मौत की वजह हार्ट अटैक होने की संभावना जताई जा रही है। अब पीएम रिपोर्ट के आने के बाद मौत की असली वजह सामने आ पाएगी।

# पति के लिए बागी हुईं कांग्रेस सांसद भाजपा की बैठक में हुई शामिल

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद परनीत कौर शनिवार को भाजपा की एक बैठक में शामिल हुईं और पंजाब विधानसभा चुनाव में अपने पति कैप्टन अमरिंदर सिंह के लिए वोट मांगा। पिछले साल कांग्रेस आलाकमान द्वारा पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के साथ कड़वे झगड़े के बाद मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद अमरिंदर सिंह ने अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) बनाई थी।



पटियाला से सांसद कौर ने भाजपा की बैठक में भाग लिया, जो भगवा पार्टी के सहयोगी अमरिंदर सिंह के लिए आयोजित की गई थी। अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली पीएलसी, भाजपा और शिअद (संयुक्त) गठबंधन में राज्य चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अपनी पारंपरिक सीट पटियाला (शहरी) से पंजाब लोक कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। शनिवार की बैठक सरहिंदी गेट पर आयोजित की गई। कौर ने अपने पति के लिए वोट मांगते हुए कहा, मैं आपके परिवार के सदस्य के रूप में अमरिंदर सिंह के लिए अपील करने आई हूं।

कांग्रेस के लिए प्रचार से दूर रहने वाली परनीत कौर के इस कदम से उनके अगले राजनीतिक कदम को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। कुछ दिन पहले पटियाला (शहरी) से कांग्रेस प्रत्याशी विष्णु शर्मा ने कौर से या तो पार्टी के लिए प्रचार करने या फिर इस्तीफा देने को कहा था। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि वह चुनाव के दौरान चुप क्यों हैं तो कौर ने गुरुवार को कहा था, मैं अपने परिवार के साथ हूं। परिवार सबसे ऊपर है।

कांग्रेस ने पिछले साल नवंबर में उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। इस बारे में पूछे जाने पर कौर ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा था कि उन्हें ऐसा कोई नोटिस नहीं मिला है और इसके बारे में सिर्फअखबारों और सोशल मीडिया पर पढ़ा है। उन्होंने कहा था कि नोटिस पार्टी महासचिव की ओर से आना चाहिए था।

# हैवानियत की हदें पारः 25 साल की लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, रस्सी से बांधकर दूसरी मंजिल पर फेंका, बिजली के पोल से लटकी

**चुरू (एजेंसी)।** राजस्थान के चुरू से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां एक असम की रहने वाली 25 साल की लड़की से सामूहिक दुष्कर्म कर उसे दूसरी मंजिल से फेंक दिया गया। गनीमत रही कि वह बिजली के पोल से लटक गई और जान बच गई। जानकारी के मुताबिक इस घटना को चुरू जिला मुख्यालय के धर्मस्तूप पुलिस चौकी से कुछ ही कदमों की दूरी पर चार व्यक्तियों ने अंजाम दिया। महिला थाना पुलिस ने इस संबंध में चूरू के इंद्रपुरा निवासी विक्रम सिंह, भवानी सिंह, देवेंद्र सिंह और चैनपुरा के बुल्ला उर्फ सुनील के खिलाफ आईपीसी की संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है।



पीड़िता के मुताबिक चार लोग शराब के नशे में आए और फिर उसके साथ दरिंदगी शुरू कर दी। कुछ देर बाद जब सभी को लगा कि कहीं लड़की मुंह न खोल दे तब उसे रस्सी से बांधकर दूसरी मंजिल की खिड़की से बाहर फेंक दिया। गनीमत रही कि रस्सी बिजली के पोल में उलझ गई और वह अटक गई। मदद के लिए चिल्लाती रही लेकिन कोई मदद नही मिल सकी।

### करीब दो घंटे तक बिजली के पोल में लटकी रही युवती

ऊपर से फेंकने के बाद पीड़िता लगभग दो घंटे तक बिजली के पोल से लटकी रही और मदद के लिए चिल्लाती रही। बाद में सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को नीचे उतारा। उसे स्थानीय डेडराज भरतीया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### काम के बहाने लड़की को दिल्ली से चुरू बुलाया गया था

पुलिस उपाधीक्षक ममता सारस्वत ने बताया कि पीड़िता मूल रूप से असम की रहने वाली है। वर्तमान में वह दिल्ली में रहती है और छोटा-मोटा काम कर घर चलाती है। पीड़िता के अनुसार उसे चूरू निवासी सुनील उर्फ राजू ने उसे काम के अधिक पैसे दिलाने का भरोसा देकर चुरू बुलाया था। सुनील के झांसे में आकर वह जब चुरू पहुंची को एक युवक उसे बस स्टैंड लेने के लिए आया। इसके बाद युवती को कार में बैठाकर कमरे पर ले गया और कहा कि कल काम दिलवा देंगे। पीड़िता ने आगे बताया कि कमरे में विक्रम राजपूत, भवानी, देवेंद्र सिंह उर्फबुल्ला और सुनील ने पहले शराब पीना शुरू किया फिर आरोपी देवेंद्र ने धमकाते हुए कहा कि वह काम दिलाने के लिए नहीं बल्कि किसी और काम से बुलाया है। फिर सभी ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

## संपादकीय

# बेकाबू ना हो महंगाई

आरबीआई के पास पैसा जमा करने पर बैंकों को मिलने वाली ब्याज दर यानी रिवर्स रेपो रेट को भी 3.35 फीसदी पर रहने दिया गया। अनुमान लगाया जा रहा था कि इस बार आरबीआई रिवर्स रेपो रेट में 0.15-0.40 फीसदी तक बढ़ोतरी करेगा, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। रिजर्व बैंक के दरों में बदलाव ना करने की वजह यह है कि वह इकॉनमिक रिकवरी को सपोर्ट देना चाहता है।

रिजर्व बैंक की मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी (एमपीसी) ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। यह लगातार दसवां मौका है, जब दरें जस की तस रखी गईं। आखिरी बार 22 मई 2020 को पॉलिसी रेट में बदलाव हुआ था। तब ब्याज दरें घटाई गई थीं। आरबीआई जिस दर पर बैंकों को उधार देता है, उस रेपो रेट को 4 फीसदी पर बनाए रखा गया। आरबीआई के पास पैसा जमा करने पर बैंकों को मिलने वाली ब्याज दर यानी रिवर्स रेपो रेट को भी 3.35 फीसदी पर रहने दिया गया। अनुमान लगाया जा रहा था कि इस बार आरबीआई रिवर्स रेपो रेट में 0.15-0.40 फीसदी तक बढ़ोतरी करेगा, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। रिजर्व बैंक के दरों में बदलाव ना करने की वजह यह है कि वह इकॉनमिक रिकवरी को सपोर्ट देना चाहता है। इससे पहले बजट में सरकार ने वित्त वर्ष 2023 में कैपिटल एक्सपेंडिचर में 35 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा था। केंद्र को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है क्योंकि अभी कंस्यूमर डिमांड कमजोर है। इस वजह से निजी क्षेत्र की ओर से बहुत निवेश नहीं हो रहा। सरकार को लगता है कि उसके अधिक पैसा खर्च करने से आर्थिक विकास दर में तेजी आएगी। लिहाजा रोजगार बढ़ेगा और लोग अधिक पैसा खर्च करेंगे। इससे डिमांड की दिक्कत दूर हो सकती है। रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में बदलाव ना करके एक तरह से सरकार की इस नीति को समर्थन दिया है।

> “ तेल की कीमतों का असर भी महंगाई पर पड़ेगा। उधर, अमेरिका में महंगाई दर 7 फीसदी के करीब पहुंच गई है, जो 80 के दशक की शुरुआत के बाद सबसे ज्यादा है। इसलिए वहां मार्च से ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो सकता है। इसी वजह से भारतीय शेयर बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशक कुछ महीनों से पैसा निकाल रहे हैं। रिजर्व बैंक को यह पक्का करना होगा कि इससे रुपया कमजोर ना हो। यह भी देखना होगा कि सस्ती ब्याज दरों की वजह से किसी भी एसेट क्लास में बुलबुला ना बने और सबसे बड़ी बात यह है कि महंगाई बेकाबू ना हो क्योंकि वह खासतौर पर गरीबों के लिए सबसे ज्यादा नुकसानदायक होती है।

इतना ही नहीं, रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि जब तक ग्रोथ टिकाऊ नहीं हो जाती, तब तक वह कर्ज महंगा नहीं करेगा। लेकिन इसमें एक पेच है। देश में महंगाई बढ़ रही है। खुदरा महंगाई दर भले ही रिजर्व बैंक के 6 फीसदी की अधिकतम सीमा से कम हो, लेकिन थोक महंगाई दर बहुत ऊंची है। इससे खुदरा महंगाई दर आने वाले वक्त में बढ़ेगी। इस बीच, कच्चे तेल के दाम में काफी बढ़ोतरी हुई है। यूं तो पांच राज्यों में चुनाव को देखते हुए तीन महीने से अधिक वक्त से देश में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं, लेकिन यह स्थिति चुनाव खत्म होने के बाद बदल सकती है। तब तेल की कीमतों का असर भी महंगाई पर पड़ेगा। उधर, अमेरिका में महंगाई दर 7 फीसदी के करीब पहुंच गई है, जो 80 के दशक की शुरुआत के बाद सबसे ज्यादा है। इसलिए वहां मार्च से ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो सकता है। इसी वजह से भारतीय शेयर बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशक कुछ महीनों से पैसा निकाल रहे हैं। रिजर्व बैंक को यह पक्का करना होगा कि इससे रुपया कमजोर ना हो। यह भी देखना होगा कि सस्ती ब्याज दरों की वजह से किसी भी एसेट क्लास में बुलबुला ना बने और सबसे बड़ी बात यह है कि महंगाई बेकाबू ना हो क्योंकि वह खासतौर पर गरीबों के लिए सबसे ज्यादा नुकसानदायक होती है।

> “ सरदार पटेल ने वर्ष 1948 में कहा था, एक ‘अखिल भारतीय सेवा... को दलगत राजनीति से दूर रहना चाहिए और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक नियंत्रण कम से कम हो, यदि इसे पूरी तरह से समाप्त नहीं किया जा सकता है।’ उन्होंने सिविल सेवकों को ‘भारत का स्टील फ्रेम’ कहा था। चुनावी राजनीति की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए यह और जरूरी हो गया है कि अखिल भारतीय सेवाओं के ‘स्टील फ्रेम’ को संरक्षित किया जाए।

# इस इस्पाती ढांचे को नुकसान न पहुंचे

देवेंद्र सिंह असवाल ,पूर्व अपर सचिव, लोकसभा

भारत सरकार द्वारा आईएएस कैडर नियमों में प्रस्तावित परिवर्तन पर विवाद खड़ा हो गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो बाकायदा जन-आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दे डाली है। पश्चिम बंगाल के अलावा छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखंड, तमिलनाडु और केरल के मुख्यमंत्रियों ने भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रस्तावित बदलावों का कड़ा विरोध किया है। 40 से अधिक पूर्व नौकरशाहों और कई सांसदों ने भी इसके बारे में प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। बदलावों के विरोधी इसे भारत के संघीय ढांचे पर प्रहार मानते हैं।

प्रस्तावित बदलावों के बाद इसकी प्रबल आशंका है कि आईएएस अधिकारियों की नियुक्ति में केंद्र सरकार को एकाधिकार हासिल हो जाएगा। इसके बाद ऐसे ही संशोधन अन्य अखिल भारतीय सेवाओं में भी हो सकते हैं। आईएएस संवर्ग नियम, 1954 के मौजूदा नियम 6(1) में संशोधन से राज्य व केंद्र सरकार के बीच असहमति की स्थिति में केंद्र सरकार का निर्णय ही अंतिम होगा और प्रतिनियुक्ति आदेश में निर्धारित समय-सीमा के भीतर अधिकारी का स्थानांतरण प्रभावी होगा।

राज्य सरकारों का तर्क है कि एक अखिल भारतीय सेवा अधिकारी को केंद्र सरकार राज्य सरकार और संबंधित अधिकारी की सहमति के बिना राज्य से बाहर केंद्र में या कहीं भी स्थानांतरित कर सकती है। यही नहीं, उस अधिकारी को विवश होकर नया कार्यभार निर्धारित अवधि में ग्रहण करना होगा। नियमों में ऐसा संशोधन ‘भय की मनोवृत्ति’ पैदा करेगा, मनमाने निर्णय को बढ़ावा देगा और अधिकारियों व सभी राज्य सरकारों को केंद्र सरकार की दया का पात्र बना देगा। ऐसी स्थिति में उत्पीड़न और प्रतिशोध की राजनीति की काफी संभावना है। कई सेवानिवृत्त सिविल सेवकों ने इस कदम के प्रतिकूल परिणामों के बारे में सार्वजनिक रूप से आगाह किया है और ऐसा न करने की अपील की है।



केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि राज्य सरकारें निश्चित अनुपात के अनुसार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकारियों को नहीं भेज रही हैं। यह भी कहा गया है कि अधिकारियों को केवल राज्यों के परामर्श से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया जाएगा, लेकिन ‘केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों की संख्या आपसी परामर्श से तय हो जाने के बाद केंद्र को उन अधिकारियों की केंद्र में पदस्थापना का अधिकार होना चहिए।’

लेकिन अक्सर ‘वाणी और व्यवहार’ में विरोधाभास देखा जाता है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जब केंद्र द्वारा राज्य सरकारों से परामर्श किए बिना स्थानांतरण के आदेश जारी किए गए। जून, 2001 में तमिलनाडु पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि के घर पर छापा मारा और उन्हें उनके पार्टी नेताओं मुरासोली मारन और टीआर बालू के साथ गिरफ्तार किया था, जो तत्कालीन एनडीए सरकार में मंत्री भी थे। इससे नाराज होकर केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को छापेमारी से जुड़े तीन आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजने को कहा। तब मुख्यमंत्री जयललिता ने न केवल इनकार किया, बल्कि राज्यों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्थन जुटाने की खातिर अन्य मुख्यमंत्रियों को भी पत्र लिखा। एक अन्य मामले में 1987 बैच के आईएएस अधिकारी और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव अलपन बंद्योपाध्याय का कार्यकाल केंद्र सरकार की सहमति से तीन महीने की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया था, पर जिस दिन वह सामान्य रूप से सेवानिवृत्त होते, उसी दिन उन्हें अचानक दिल्ली में पदस्थापना का आदेश केंद्र ने जारी कर दिया। राज्य सरकार से कोई परामर्श नहीं किया गया और न ही अधिकारी की सहमति ली गई। यह भी नहीं बताया गया कि उनकी सेवानिवृत्ति के बाद तीन महीने की अवधि के लिए दिल्ली में उनकी इतनी तत्काल आवश्यकता क्यों थी ?

एक अन्य मामला दिसंबर, 2020 का है। केंद्र ने कहा कि उन तीन आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाए, जो उस समय सुरक्षा-व्यवस्था के प्रभारी थे, जब भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर 10 दिसंबर, 2021 को कथित तौर पर तृणमूल समर्थकों द्वारा कोलकाता के बाहर हमला किया गया था। लेकिन राज्य सरकार ने आईपीएस अधिकारियों की कमी का हवाला देते हुए इनकार कर दिया।

केंद्र की दलील है कि प्रतिनियुक्त सिविल सेवकों की कमी ने केंद्र को राज्यों की सहमति के बिना अधिकारियों को स्थानांतरित करने की शक्ति देने के लिए नियमों में संशोधन करने को मजबूर किया है। विनियमों के अनुसार, राज्यों को केंद्रीय जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रत्येक संवर्ग में 40 प्रतिशत वरिष्ठ पदों को निर्धारित करना चाहिए, लेकिन राज्यों में सीडीआर की कमी 61 से 95 प्रतिशत के बीच है। संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उपसचिवों की विशेष रूप से कमी है। केंद्र सरकार के पास आईपीएस अधिकारियों की कमी है। करीब एक साल पूर्व गृह सचिव ने राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर केंद्रीय पुलिस के रिक्त पदों को भरने के लिए आईपीएस अधिकारी उपलब्ध कराने को कहा था। अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों का चयन संघ लोकसेवा आयोग द्वारा किया जाता है और विभिन्न राज्यों को आवंटित किया जाता है। संघ व राज्य, दोनों की ‘साझा संपत्ति’ होने के नाते उनसे दोनों की सेवा करने की अपेक्षा की जाती है।

राज्यों की दलील यह भी है कि मनमाने तरीके से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति उनके विकास कार्यों को बाधित करेगी और अधिकारियों के मनोबल को आघात लगेगा। तथ्य यह भी है कि आमतौर पर आईएएस व आईपीएस अधिकारी संयुक्त सचिव के स्तर से नीचे प्रतिनियुक्ति पर जाना पसंद नहीं करते, क्योंकि उन्हें वहां वे सुविधाएं नहीं मिलतीं, जो डीएम या एसपी के रूप में मिलती हैं।

इसमें कोई दोराय नहीं कि अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर लाने की जरूरत है। उनका पूरा सेवाकाल एक ही राज्य कैडर में सीमित नहीं रह सकता। लेकिन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में हितधारकों से उचित परामर्श भी लागू होना चाहिए। सरदार पटेल ने वर्ष 1948 में कहा था, एक ‘अखिल भारतीय सेवा... को दलगत राजनीति से दूर रहना चाहिए और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक नियंत्रण कम से कम हो, यदि इसे पूरी तरह से समाप्त नहीं किया जा सकता है।’ उन्होंने सिविल सेवकों को ‘भारत का स्टील फ्रेम’ कहा था। चुनावी राजनीति की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए यह और जरूरी हो गया है कि अखिल भारतीय सेवाओं के ‘स्टील फ्रेम’ को संरक्षित किया जाए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बदनाम गली से शोहरत की बुलंदी तक

सुनीता दनुवार, नेपाली सामाजिक कार्यकर्ता

औरतों की आजादी और उनके हक की हकीकत यही है कि 21वीं सदी के तीसरे दशक में आकर भी लिबास चुनने तक का फैसला उनका अपना नहीं है। पहनावे को लेकर शोहदे उन पर फब्तियां कसते हैं, समाज पाबंदियां लगाता है और अदालतों को फैसला देना पड़ता है। ऐसे में, सुनीता दनुवार जैसी महिलाओं का संघर्ष वाकई बहुत बड़ा लगता है।

पश्चिमी नेपाल के सुदूर गांव कासीगढ़ में 1977 में जन्मी सुनीता के घर की माली हालत का अंदाज इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि गरीबी और कुपोषण ने उनके छह भाई-बहनों को अकाल काल का ग्रास बना दिया। एक के बाद दूसरी संतान की मौत ने पिता गंगा बन और मां चंद्रकला को इतना आहत कर दिया कि वे जादू-टोने के जाल में फंसते चले गए और एक समय तो चंद्रकला इतनी दुखी हुईं कि उन्होंने परिवार को कासीगढ़ छोड़ने के लिए बाध्य कर दिया। सुनीता तब पांच साल की थीं। परिवार ने सिर्फ गांव की चौहद्दी नहीं छोड़ी, बल्कि नेपाली सरहद को ही त्याग दिया और लंबी दूरी तय कर भारतीय प्रांत जम्मू-कश्मीर आ गया। वैसे भी, गरीबों के पास छोड़ने-गंवाने को होता ही क्या है! खैर, जम्मू-कश्मीर पहुंचकर बन परिवार पट्टे पर खेत लेकर आलू उपजाने लगा। सबकी जिंदगी नई आबो-हवा से तालमेल बिठा चुकी थी।

सुनीता जिस नेपाली पृष्ठभूमि से आती हैं, उसमें उन दिनों स्कूल कई-कई गांवों के बीच एक हुआ करता था, जिनमें सिर्फ लड़कों को पढ़ने का अधिकार था। बेटियों के लिए घरदारी अच्छे से सीखना ही जैसे बोर्ड का प्रमाणपत्र हो। सुनीता भाई को जब स्कूल जाते देखतीं, तो उनका भी मन पढ़ने का होता। एक दिन भाई के पीछे-पीछे वह स्कूल पहुंच भी गईं, मगर मास्टर साहब इतनी बुरी तरह पेश आए कि सुनीता ने फिर वैसा दुस्साहस नहीं किया। उन्होंने गांव की परंपरा तोड़ने की कोशिश जो की थी। और फिर नए देश, नए माहौल में तो जीना ही सबसे बड़ी चुनौती थी, ऐसे में सुनीता के लिए स्कूली शिक्षा की गुंजाइश ही कहां थी ?



जम्मू-कश्मीर आए लगभग नौ साल हो गए थे। एक दिन अचानक इकलौता भाई और चाचा, दोनों लापता हो गए। बहुत तलाशा, मगर कोई सुराग नहीं मिला। तरह-तरह की आशंकाएं मन में उठतीं, मगर सब्र का कोई सिरा पकड़ में नहीं आता। जिस दर्द से मुक्ति के लिए सुनीता के माता-पिता ने अपने पुरखों का गांव छोड़ा था, उससे कहीं अधिक पीड़ादायक बिछोह यह था।

कई माह इसी इंतजार में गुजर गए कि शायद वे दोनों कहीं से भटकते हुए आ जाएं, मगर न ऐसा होना था, और न हुआ। फिर किसी मुलाकाती ने उनके नैनीताल में होने का अंदेशा जताया। सुनीता और उनके माता-पिता जम्मू-कश्मीर छोड़ नैनीताल निकल पड़े कि बेटे को ढूंढ़कर रहेंगे। नैनीताल जाने के रास्ते में ही दो नेपाली ट्रक ड्राइवरों से इस परिवार की जान-पहचान हुई। हमवतन होने के एहसास ने उस पहचान को जल्द ही भरोसे में बदल दिया। और एक दिन उन दोनों ने ही पूरे बन परिवार के खाने में नशीली चीज मिला दी। बेसुध सुनीता की आंखें मुंबई के एक वेश्यालय में खुलीं। 40 हजार रुपये में वे उन्हें बेच गए थे।

महज 14 साल की सुनीता को अगले छह महीनों तक एक से दूसरे कोठे पर ऊंची कीमत में बेचा जाता रहा। आखिरकार 1996 में एक पुलिस छापे के कारण उन्हें उस नरक से मुक्ति मिली। उनके साथ कई कोठों से सैकड़ों नेपाली लड़कियों को आजाद कराया गया था। वे सब काठमांडू भेजी गईं। उनमें से ही 15 लड़कियों ने मिलकर ‘शक्ति समूह’ संस्था की शुरुआत की। यह समूह उसी समय से नेपाल के गांव-गांव में घूमकर किशोरवय गरीब लड़कियों और उनके माता-पिता को मानव-तस्करों से आगाह करने में जुट गया। सुनीता ने साल 2001 में सातवीं कक्षा में फिर से दाखिला लिया और बीए तक का सफर तय किया। वह वेश्यालयों से मुक्त कराई गई बच्चियों और महिलाओं की काउंसिलिंग के साथ-साथ उनके पुनर्वास में भी जुट गईं।

गुजरे कल की परछाईं कुछ मद्धम पड़ी, तब सुनीता ने माता-पिता का पता लगाने की कोशिश की। चूंकि, उनके बीच कोई संवाद नहीं था, इसलिए वर्षों बाद पता चला कि मां तो उनके गायब होने के चार साल बाद ही गुजर गई थीं, और पिता इतना सारा दर्द समेट न सके, सो मौत को गले लगा लिया। सुनीता के लिए अब कोठों से आजाद कराई गई लड़कियों का जीवन संवारना ही जीने का मकसद बन गया है। खासकर 2015 में नेपाल में आए भीषण भूकंप के बाद मानव तस्करों के चंगुल में फंसने से उन्होंने दर्जनों बच्चियों को बचाया।

सुनीता दनुवार और शक्ति समूह के काम को दुनिया भर में सराहा गया है। 2013 में उन्हें प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से नवाजा गया, तो 2018 में अमेरिकी सरकार ने उन्हें दुनिया की 20 बहादुर स्त्रियों में गिना। सुनीता अब नेपाल की नामचीन शख्सियतों में शुमार हैं।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239





























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### शहर के कलाकार दिलीप षडंगी और विजय शर्मा बने नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर

**रायगढ़।** नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को ध्यान में रखते हुए शहर के 2 नामचिन्ह कलाकार दिलीप षड़ंगी और विजय शर्मा समेत समाज सेवियों को ब्रांड एम्बेसडर बनाया है जो स्वच्छता के लिये शहरवासियों को जागरूक करेंगे। छतीसगढ़ राज्य समेत पूरे देश मे स्वच्छ सर्वेक्षण चल रहा है और आम जनमानस में साफ सफाई,पर्यावरण जनजागरूकता हेतु आयोजन किये जा रहे है,और राज्य के नगरीय निकायों में ब्रांड एम्बेसडर बनाये जा रहे है उसी तारतम्य में रायगढ़ नगर निगम द्वारा भी शहर के 2 नामचिन्ह कलाकार दिलीप षड़ंगी और विजय शर्मा को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया जो अपने कला के माध्यम से स्वच्छता जनजागरूकता हेतु प्रचार प्रसार करेंगे। गायक कलाकार दिलीप षड़ंगी और विजय शर्मा ने रायगढ़ नगर निगम को आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम नगर निगम के साथ मिलकर स्वच्छता थीम का प्रचार प्रसार करेगे वैसे भी स्वच्छ और स्वस्थ शरीर मे ही ईश्वर का वास होता है गीत संगीत के माध्यम और सभी के सहयोग से इस अभियान को जरूर सफल बनायेगे।

### कलेक्टर-एसपी ने लगाए चौके छक्के

**जगदलपुर।** खेलकूद सहित विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जुटने वाले ग्रामीणों को लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के उद्देश्य से आज गिरोला में आयोजित युवोदय मंडई में युवाओं का उत्साहवर्धन करने पहुंचे कलेक्टर रजत बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा ने जमकर चौके छक्के लगाए । गिरोला में आयोजित युवोदय मंडई में कलेक्टर एसएसपी और जिला पंचायत के सीईओ ने भी खेल का जमकर आनंद उठाया। यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा ने दूसरी गेंद पर ही कचर ड्राईव के माध्यम से अपने खेल का जौहर दिखाया। उन्हें प्रमोद साहनी ने सटीक फुलटॉस बॉल से क्लीन बोल्ड भी किया। कलेक्टर रजत बंसल ने पहली गेंद से ही लांग ऑफ में चौके के साथ अपने बल्लेबाजी की शुरुआत की और इसके तुरंत बाद लांग ऑन क्षेत्र में भी चौका जड़ दिया।

### कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने चार विपत्तिग्रस्त परिवार को किया कुल 16 लाख रूपए का चेक वितरण किया

# विधायक होने के नाते उन घर परिवारों के अभिभावक के रूप में हर परिस्थितियों में उनका साथ देने सदैव तत्पर रहेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज अपने विधानसभा के प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत टाटावाही, पिपरिया, सेमो और कवर्धा में 4 विपत्तिग्रस्त परिवारों को कुल 16 लाख रूपए चेक वितरण किया।



वन मंत्री ने चेक वितरण करते हुए विपत्तिग्रस्त परिवारों के सदस्यों से कहा कि वह इस चेक को बैंक में जमा कर राशि प्राप्त कर सकते है। चेक वितरण करते समय मंत्री अकबर ने परिजनों से भेंट भी की और अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों जनों से भेंट-मुलाकात करते हुए कहा कि किसी भी परिवार के लिए हर सदस्य का एक महत्वपूर्ण योगदान रहता है। परिवार का चाहे वह छोटा या बड़ा या घर का मुखिया हो अकास्मात रूप से परिवार को छोड़कर चले जाना उस परिवार के लिए एक अपूर्णिय क्षति होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार की अपूर्णिय क्षति को पूर्ति तो नहीं कर पाएंगे, लेकिन इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते उन घर परिवारों के अभिभावक के रूप में हर परिस्थितियों में उनका साथ देने सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों को हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मंत्री अकबर द्वारा आबीसी-6-4 के तहत सहसपुर लोहारा तहसील के ग्राम टाटावाही निवासी प्राची खरे की सर्प दंश से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त चंद्रकुमार खरे को, कवर्धा तहसील के ग्राम पिपरिया निवासी वैष्णवी की आग में जलने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त टीकम प्रसाद को, ग्राम सेमो निवासी दयावती साहू की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त जीवन और कवर्धा निवासी श्यामलाल धुर्वे की पानी मे डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त मती सुनीता धुर्वे को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आबीसी-6-4) के तहत 4-4 लाख रूपए की चेक प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, अशोक सिंह, कलीम खान, राजेश शुक्ला, सुनील साहू, कौशल कौशिक, आकाश केशरवानी, चोवा साहू, लक्की कादरी, लेखा राजपूत एवं ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि मोहम्मद अकबर जब से विधायक और मंत्री बने है, तब से प्राकृतिक आपदा के सभी प्रकरणों पर तत्परात से कार्यवाही की जा रही और विपदाग्रस्त परिजनों, हितग्राहियों को आर्थिक सहायता राशि शीघ्रता से मिल रही है।

# जल जीवन मिशन से शत प्रतिशत घरों में मिलेगा टेप नल से पेयजल - डॉ. महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज जांजगीर-चांपा जिले के सरहर, कडारी और भागोडीह में पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।



डॉ. महंत ने इस अवसर पर कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में जल जीवन मिशन योजना के तहत 2024 तक तक राज्य के शत प्रतिशत घरों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण करने के लिए कार्य प्रारंभ हो गया है।

डॉ. महंत ने जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम सरहर, कड़ारी और भागोडीह में 3 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बनने वाले पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस कार्य के पूर्ण हो जाने से इन तीन गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत 1000 से अधिक परिवारों को घर-घर टेप नल के माध्यम से गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि, निर्माण एजेंसी और अधिकारी गुणवत्ता युक्त तरीके से इन कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करवाएं, ताकि इसका लाभ आम जनता को मिल सके। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने पर्याप्त राशि उपलब्ध करवाई है।

कोरोना संक्रमण के कम होते ही अन्य विकास कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूरा करवाया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक श्री केशव चंद्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता चंद्रा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की संचालित कार्य योजनाओं का किया निरीक्षण

**रायपुर।** एमडी अभिजीत सिंह ने आज अतिरिक्त प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा संचालित कार्य योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तेलीबांधा में निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम, हल्का तालाब, आरछी तालाब एवं रोहिणी पुरम तालाब के सौंदर्यीकरण व यूथ हब कार्य योजना की मैदानी स्थिति का निरीक्षण कर प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने तेलीबांधा तालाब में बने डेढ़ एमएलडी के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और पानी के उपचार प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. की तकनीकी टीम भी इस दौरान उनके साथ थी।

एमडी श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान तेलीबांधा में निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम के तैयार हो जाने के बाद भी पुराने ड्रेनेज सिस्टम को भी संचालित रखने हेतु सुझाव दिया है। उन्होंने हल्का एवं आरछी तालाब सौंदर्यीकरण कार्य योजना की पूरी जानकारी लेते हुए समयावधि पर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है।

रोहिणीपुरम तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का अवलोकन कर उन्होंने जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मैनेजर सिविल राकेश गुप्ता, डिप्टी मैनेजर सिविल राजेश राठौर, अमित मिश्रा, डिप्टी मैनेजर इलेक्ट्रिकल संदीप शर्मा, असिस्टेंट मैनजर सिविल योगेंद्र साहू एवं संबंधित कार्य एजेंसियों के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# एकलव्य के 9 विद्यार्थी बनेंगे डॉक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के आदिवासी अंचल में पढ़ने वाले बच्चों ने अखिल भारतीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा 2021 में शानदार प्रदर्शन किया है, इससे आदिवासी बच्चों को डॉक्टर बनने का सपना साकार हो रहा है। राज्य के दूरस्थ अंचलों में स्थापित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के 9 विद्यार्थियों का चयन इस वर्ष एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए हुआ है। आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



SALVAM PALE | RAMSHILA VEK | PIYUSHA WEK | PADMA MADE | INDU KODOPI

नीट 2021 में सफल विद्यार्थियों ने एकलव्य आदर्श विद्यालय कटेकल्याण जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की 5 छात्राओं, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल जिला कबीरधाम के दो छात्रों, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया जिला रायगढ़ के दो छात्र शामिल हैं। ये सभी विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि और कृषक परिवार से संबंधित हैं।

एकलव्य आदर्श विद्यालय कटेकल्याण जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की 5 छात्राओं ने दंतेवाड़ा जिले में संचालित छू लो आसमान कोचिंग संस्था से एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा की तैयारी की है। इनमें से गीदम तहसील के गांव बड़ेपनेड़ा की कुमारी पीयुषा वेक रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज में डॉक्टरी की पढ़ाई करेंगी। इसी प्रकार गीदम तहसील के ही गांव बड़ेपनेड़ा की रमशीला वेक भी रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज में डॉक्टरी की पढ़ाई करेंगी। कुआकोण्डा तहसील के गांव समेली निवासी इन्दु कोडोपी छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर में डॉक्टरी की पढ़ाई करेंगी। बीजापुर तहसील के गांव बोरजे की मदमा मेडे का चयन भी छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर में डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए हुआ है। कोंटा तहसील के नक्सल प्रभावित क्षेत्र फंदीगुड़ा की सलवम पाले रायपुर के शासकीय दंत चिकित्सा कॉलेज रायपुर में डॉक्टरी की पढ़ाई करेंगी।

इसी प्रकार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल जिला कबीरधाम के श्री रघुनंदन धुर्वे शासकीय मेडिकल कॉलेज बिलासपुर में डॉक्टरी की पढ़ाई करेंगे। इसी विद्यालय के श्री दिग्विजय सिंह मसराम शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में डॉक्टरी की पढ़ाई करेंगे। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया जिला रायगढ़ के त्रिभुवन सिदार शासकीय मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर में डॉक्टरी की पढ़ाई करेंगे। इसी विद्यालय के पारसमणी राठिया भी शासकीय मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर में डॉक्टरी की पढ़ाई करेंगे।

## गिरोला मंदिर में हुई चोरी के मामले को सुलझाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का किया गया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। गिरोला स्थित मां हिंगलाजीन मंदिर में हुए चोरी के मामले को सुलझाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को आज सम्मानित किया गया। गिरोला मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में हुए चोरी के मामले को सुलझाने पर बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रमुख पुजारी लखेश्वर बघेल ने पुलिस एवं प्रशासन के सक्रियता की भुरी- भुरी प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि इस मंदिर में अब तक सात बार चोरी की घटनाएं घट चुकी हैं, लेकिन इस बार पुलिस ने अत्यंत सक्रियता के साथ कार्य किया और न केवल सभी चोरों को पकड़ा, बल्कि पूरे आभूषण भी प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि चोरी के इस मामले में पुलिस की तत्परतापूर्वक की गई कार्यवाही से अत्यंत हर्ष है। उन्होंने कहा कि इस बार हुई चोरी में चोरों का चेहरा उजागर हुआ है, जिसके लिए पुलिस निश्चित तौर पर खुशी की बात है। इस अवसर पर कमिश्नर श्याम धावड़े, कलेक्टर रजत बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा सहित अधिकारी-कर्मचारियों का मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया। सम्मान

इस अवसर पर कलेक्टर रजत बंसल ने कहा कि उन्हें पूर्व में भी इस मंदिर में आने का अवसर प्राप्त हुआ है और हर बार यहां आने पर असीम ऊर्जा की अनुभूति हुई है। उन्होंने चोरी के इस मामले को सुलझाने के लिए पुलिस को बधाई दी और कहा कि इससे पुलिस और प्रशासन पर लोगों का भरोसा निश्चित तौर पर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अपराध रहित समाज के निर्माण में लोगों का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा ने इस मामले के सुलझाने के लिए किए गए प्रयासों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले को सुलझाने में सीसीटीवी से काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि माता के आशीर्वाद एवं लोगों के सहयोग से एक माह के भीतर ही इस मामले में सभी अपराधियों को गिरफ्तार करने के साथ ही पूरे आभूषण और रकम को भी जब्त किया गया, जो कि साधारण तौर पर संभव नहीं होता है, क्योंकि चोरी के बाद इसे खर्च कर दिया जाता है। के लिए ओड़ीसा राज्य के नवरंगपुर और कोरापुट पुलिस द्वारा किए गए सहयोग को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### गांवों में गठित किए जा रहे युवा मितान क्लब

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के मार्गदर्शन में राजीव युवा मितान क्लब के गठन को लेकर गांवों में लगातार युवाओं की बैठक लेकर क्लब का गठन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में राजीव युवा मितान क्लब के गठन के लिए ग्राम बरेकेलकला में बैठक हुई। जिसमें एनएसयूआई के कार्यकारी जिला अध्यक्ष व्यंकटेश चंद्राकर, रेखराज पटेल, जनपद सदस्य एरीन चंद्राकर व देवेंद्र चंद्राकर की टीम द्वारा क्लब के गठन के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान व्यंकटेश चंद्राकर ने युवाओं को बताया कि पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस योजना का शुभांरभ किया है।



















## खास खबर

### माटीकला बोर्ड के उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर

**रायपुर।** माटीकला बोर्ड के उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। बोर्ड द्वारा सूरजपुर जिले में स्थापित ग्लेजिंग यूनिट के माध्यम से लगभग 200 कुम्हारों को नियमित रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस यूनिट के माध्यम से मिट्टी के अनेक कलात्मक वस्तुओं का उत्पादन किया जा रहा है।

ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार की पहल पर सूरजपुर के तेलइकछार ग्लेजिंग यूनिट की स्थापना कोविड संकट काल में प्रवासी मजदूरों को रोजगार का जरिया उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। इस यूनिट के माध्यम से कुम्हारों को बेहतर आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने मिट्टी के बर्तनों को सभी शासकीय कार्यालयों में के उपयोग को बढ़ाने के लिए सभी जिला कलेक्टरों निर्देश दिए हैं।

मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने कहा है कि मिट्टी के बर्तनों के उपयोग से जहां कुम्हारों को नियमित रोजगार मिलेगा वहीं पर्यावरण भी सुरक्षित भी होगा। इसके अलावा इस यूनिट के माध्यम से अनेक प्रकार के कलात्मक एवं सजावटी वस्तुओं का भी निर्माण किया जा रहा है। इसकी बिक्री के लिए इसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है। सूरजपुर जिले के तेलइकछार में स्थापित ग्लेजिंग यूनिट का कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला सीईओ ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कारीगरों को ज्यादा से ज्यादा माटीकला के प्रोडक्टस बनाने और सभी कार्यालय एवं होटल, ढाबों में उपयोग करने हेतु सर्वे करने कहा। उन्होंने माटी कला उत्पादों की बिक्री के लिए काउंटर खोलने तथा डीस्पले लगाने, उत्पादों का वर्गीकरण कर उनका स्टॉक मेंनटेन रखने के निर्देश दिए।

### उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के पद पर नेताओं की नियुक्ति

**रायपुर ( ए )।** सूबे के कई जिलों में उपभोक्ता फोरम आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त होने से पिछले आठ महीने से उपभोक्ता की शिकायतों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। इसके कारण प्रत्येक जिलों में सैकड़ों मामले फाइलों में कैद होकर डंप पड़े हुए है। अब बाकी जिलों में भी रिक्त पदों पर नियुक्ति की कवायद तेज हो गई है। उपभोक्ता फोरम आयोग में नौ सदस्यों की नियुक्ति में उन लोगों के नाम शामिल है जो या तो निगम,नगर पालिका चुनाव में भाग्य अजमा चुके है या फिर पार्टी के पदाधिकारी है। जानकार सूत्रों ने बताया कि उपभोक्ता आयोग में सदस्यों की नियुक्ति चयन समिति की अनुशंसा पर की जाती है लेकिन सालों से संवैधानिक पदों पर नेताओं और राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की नियुक्ति करने का दवाब होने से नियुक्तिकर्ता खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के जिम्मेदार नियुक्ति आदेश जारी करने को विवश है। इससे चयन समिति द्वारा अपनायी गई चयन प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह भी लगने लगा है। विलंब से प्रारंभ हुई नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर विभाग के ढुलमुल रवैये को जिम्मेदार माना जा है। विलंब से विज्ञापन जारी करने के बाद भी प्रक्रिया जल्द खत्म करने में विभाग की रुचि नहीं दिख रही है। हाई कोर्ट बिलासपुर के न्यायाधीश के अध्यक्षता में गठित चयन समिति ने अध्यक्षों का साक्षात्कार आठ जनवरी और सदस्यों का साक्षात्कार नौ जनवरी को रायपुर में आयोजित किया था।

# स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की पढ़ाई के लिए केंद्र की मदद से फीस देगी सरकार

**रायपुर (ए)।** आर्थिक स्थिति खराब होने से अब कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। समग्र शिक्षा विभाग ने राज्य में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की पढाई बाधित न हो, इसके लिए सरकार ने केंद्र के सहयोग से मदद का हाथ बढाया है।



ऐसे बच्चों को समग्र शिक्षा विभाग की ओर से ओपन स्कूल से पढ़ने के लिए फीस दी जाएगी। इस योजना का लाभ एससी, एसटी, बीपीएल और लड़कियों को मिलेगा। इस साल एससी, एसटी, बीपीएल और लड़कियों को मिलाकर नौ हजार ने 10वीं या 12वीं की पढ़ाई के लिए परीक्षा दी है। इन किशोरों के लिए राज्य सरकार ने एक करोड़ 13 लाख रुपये रिलीज कर दिया है।

### लड़कियों के मुकाबले लड़के अधिक प्रभावित

इस साल हुए सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 27 हजार 473 बच्चों ने स्कूल में नाम तक नहीं लिखवाया है। इनमें 15 हजार 324 लड़के और 12 हजार 371 लड़किया हैं। छत्तीसगढ़ में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग और राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ऐसे माध्यम हैं, जहां से किशोर 10वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं। ऐसे में दोनों संस्थानों से भी योजना का लाभ देने के लिए इन किशोरों का चयन किया जा रहा है।

### बिलासपुर में सबसे अधिक स्कूल बच्चे स्कूल से बाहर

प्रदेश भर में हुए सर्वे के मुताबिक प्रदेश के बिलासपुर में सबसे अधिक तीन हजार 191 बच्चे ऐसे हैं, जिन्होंने आज तक स्कूलों में अपना नाम तक नहीं लिखवाया है। इसी तरह बलरामपुर में सबसे कम 95 बच्चे ऐसे मिले हैं, जो कि स्कूल से बाहर हैं।

### रायपुर में 1,056 ने नहीं देखा स्कूल का मुंह

सर्वे के आंकड़े में रायपुर में भी 1,056 ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंने स्कूल में नामांकन नहीं कराया है। इनमें लड़कों की संख्या 680 और लड़कियों की संख्या 376 है।

### 10वीं-12वीं परीक्षा फीस का भुगतान

आउट ऑफ स्कूल ऐसे बच्चे, जिनकी उम्र 14 से 19 साल के बीच है, उनकी 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में जो भी फीस है, उसका भुगतान समग्र शिक्षा विभाग की ओर से किया जा रहा है। इससे इन विद्यार्थियों को एक बार फिर मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

**-नरेंद्र दुग्गा, प्रबंधक संचालक, समग्र शिक्षा अभियान, छत्तीसगढ़**

# माघ पूर्णिमा पर पुन्नी मेला में नहीं होगा तामझाम, निभाएंगे पुण्य की डुबकी लगाने की परंपरा

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ में माघ माह की पूर्णिमा तिथि पर कई शहरों में भव्य मेला का आयोजन करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसका उद्देश्य यह होता है कि आसपास के लोग मेला घूमने आएं और आपसी रिश्तों को मजबूत करें। एक-दूसरे से जान-पहचान बढ़ाएं। मेले की तैयारी में पूरा गांव एकजुट होता है, इससे गांव के लोगों में एकता की भावना जागृत होती है। रायपुर में खारुन नदी के किनारे महादेवघाट, राजिम में त्रिवेणी संगम पर धमतरी में रूद्रेश्वर मेला, राजनांदगांव में मोहारा मेला का आयोजन होता है। इनमें राजिम और महादेवघाट में माघ माह पूर्णिमा तिथि पर लगने वाला मेला प्रसिद्ध है। पुण्य की डुबकी लगाने आसपास के ग्रामीणों का हुजूम उमड़ता है। इस साल कोरोना गाइड लाइन के चलते मेले में ज्यादा तामझाम नहीं किया जा रहा है। सादगी से मेला की परंपरा निभाई जाएगी।

### तीन बार लगता है मेला

रायपुर महादेवघाट स्थित ऐतिहासिक हटकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं.सुरेश गिरी गोस्वामी के अनुसार 600 साल से भी अधिक समय से मेला लगता आ रहा है। राजा ब्रह्मदेव ने मेले की शुरुआत की थी। साल में तीन बार मेला लगता है, पहला कार्तिक पूर्णिमा, दूसरा माघ पूर्णिमा और तीसरा फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि पर मेला का आयोजन होता है। मेले का उद्देश्य आसपास के ग्रामीणों को एक जगह एकत्रित करके सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना था।

### 16 फरवरी को माघ पुन्नी मेला

इस बार माघ माह की पूर्णिमा तिथि 16 फरवरी को पड़ रही है। पूर्णिमा तिथि पर पवित्र नदियों में स्नान करने की मान्यता है। गंगा, यमुना, नर्मदा जैसी नदियां काफी दूरी पर होने से श्रद्धालु हटकेश्वर महादेव तट पर स्नान करके भोलेनाथ का दर्शन कर पुण्य लाभ लेते हैं। इसे पुन्नी मेला कहा जाता है। कोरोना गाइड लाइन के कारण इस बार कम श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। मेले में जनसुविधा की व्यवस्था हर साल नगर निगम के संस्कृति विभाग द्वारा की जाती है। नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष आकाश तिवारी बताते हैं कि कोरोना गाइड लाइन के अनुरुप व्यवस्था की जाएगी। बेरीकेड्स, पानी के टैंकर, पार्किंग, साफ-सफाई आदि व्यवस्था 15 फरवरी तक पूरी कर दी जाएगी। पुण्य की डुबकी लगाने श्रद्धालु आते हैं, इसलिए गोताखोर भी तैनात किए जाएंगे।

# सोमवार से सरकारी कर्मियों के समय से पहले घर लौटने पर भी होगी सख्ती

**रायपुर ( ए )।** जिला प्रशासन की सख्ती के बाद शुक्रवार को डिप्टी और ज्वाइंट कलेक्टरों के सुबह आने के समय में सुधार देखने को मिला। इसके साथ ही 80 फीसद कर्मचारी भी समय पर पहुंचे। जानकारी मिली है कि घर जाने के समय पर अभी भी लचर व्यवस्था देखने को मिल रही है। ऐसे में जिला प्रशासन सोमवार से कर्मचारियों-अधिकारियों के आने के साथ-साथ जाने के समय पर सख्ती करने की तैयारी कर रहा है। सप्ताह में पांच दिन तक वर्किंग डे और सभी शनिवार को अवकाश के बदले कर्मचारियों को सुबह 10 बजे बुलाने के मामले में हालांकि अभी भी विरोध जारी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा ने बताया कि कुछ जगहों में अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के एक दिन काम पर देरी से आने के बाद वेतन काटा जा रहा है, जो कि नियमों के खिलाफ है। नियमानुसार लगातार तीन दिन तक देरी से आने पर ही एक दिन का वेतन काटा जा सकता है।

# छत्तीसगढ़ में रंग-बिरंगी फूलगोभी उगाने लगे हैं किसान

### उद्यानिकी में नवाचार से बेहतर होगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** परंपरागत तौर पर धान की खेती करने वाले छत्तीसगढ़ के किसान अब खेती-किसानी में नित-नये नवाचार करने लगे हैं। धान की आधुनिक खेती के साथ-साथ सुगंधित धान, फोर्टीफाईड धान की खेती की ओर तेजी से अग्रसर राज्य के किसान अब अन्य लाभकारी फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी के क्षेत्र में पूरी सफलता के साथ हाथ आजमाने लगे हैं। धान के बदले अधिक मुनाफा देने वाली फसलों विशेषकर उद्यानिकी फसलों के अंतर्गत फल-फूल, सब्जी, मसाला की खेती की ओर किसानों का रूझान बढ़ा है। उद्यानिकी की खेती में नवाचार कर राज्य के हजारों किसानों ने न सिर्फ अपनी स्थिति में बदलाव लाया है, बल्कि लोगों को पौष्टिक और स्वादिष्ट फल और सब्जी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अहम रोल अदा कर रहे हैं।

बिलासपुर जिले के मस्तुरी ब्लॉक के मल्हार की महिला कृषक दिव्या देवी वर्मा ने उद्यानिकी के क्षेत्र में नवाचार का जो प्रयोग किया है, वह प्रशंसनीय है। दिव्या देवी वर्मा अपने पति जदुनंदन प्रसाद वर्मा एवं परिवारजनों के साथ सामान्य बागवानी के अलावा गुणवत्तायुक्त चार प्रकार की रंगीन फूलगोभी की खेती कर अधिक मुनाफा अर्जित करने के साथ ही लोगों की भोजन-थाली को भी पौष्टिकता बना रहे हैं।

सामान्य खेती के साथ ही कुछ अलग करने की चाह रखने वाले वर्मा दंपत्ति को कोरोना काल में पौष्टिक एवं गुणवत्ता युक्त फसल उत्पादन का विचार मन में आया। इसी के चलते कृषक वर्मा दंपत्ति ने रंगीन फूलगोभी के बारे में विभिन्न स्त्रोतों से जानकारी जुटाई एवं इसका बीज मंगाकर खेती करना शुरू की। रंगीन गोभी के उत्पादन पश्चात कृषक को इसके बाजार की चिंता करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी, क्योंकि खेत से ही तुड़ाई के बाद उसकी हाथों-हाथ बिक्री आसानी से हो रही है।

वर्मा दंपत्ति द्वारा उत्पादित विभिन्न रंगों की गोभी को देखकर लोग बेहद आकर्षित होने लगे हैं। बीते 3 फरवरी को सांसद राहुल गांधी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में उद्यानिकी विभाग की प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान



रंग-बिरंगी फूलगोभी देखकर आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता जताई थी। उन्होंने इसकी खेती के बारे में भी वर्मा दंपत्ति से जानकारी लेने के साथ ही उनके नवाचार को सराहा था।

कृषक श्रीमती वर्मा ने बताया की उनके पास दो एकड़ का खेत है, जिसमे उनका परिवार विगत 22 वर्षो से खेती कर रहा है। धान के बदले उद्यानिकी फसल लेने से अब उन्हें अधिक लाभ होने लगा है। पहले वह केला की फसल ले रहे थे। इसी बीच उन्होंने रंगीन फूलगोभी की जानकारी प्राप्त की एवं सिंजेंटा कंपनी का बीज मंगाकर सामान्य फूलगोभी की तरह खेती करना प्रारंभ किया। वे पांच रंग की गोभी सफेद, पीला, जमुनी, हल्का हरा रंग एवं हरे रंग में ब्रोक्कली का उत्पादन कर रहे हैं। सामान्य सफेद रंग की गोभी से अलग रंगीन गोभी के स्वाद में मीठापन थोड़ा ज्यादा होता है। लगभग पौन एकड़ में 15000 पौधे लगाकर औसतन 8-10 हजार किलो का उत्पादन करने लगे हैं।

कृषक जदुनंदन वर्मा ने बताया कि गोभी की पौष्टिकता एवं गुणवत्ता को देखते हुए लोग उनके फार्म से सीधे खरीद कर ले जाते है। सामान्य गोभी के मुकाबले बाजार में इसकी अच्छी कीमत भी मिलती है। इसकी कीमत बाज़ार में 100 रुपए किलो से ज्यादा है। राज्य में इसकी लोकप्रियता बढ़ते देख हर जगह से इसकी मांग बढ़ गयी है। रंगीन फूलगोभी की पौष्टिकता एवं गुणवत्ता को देखते हुए अब अन्य कृषक भी इसकी खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### पौष्टिकता से भरपूर है रंगीन फूलगोभी

उद्यानिकी संचालक माथेश्वरन वी. ने बताया की रंगीन गोभियां न केवल देखने में खूबसूरत लगती है, बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होती है। इसमें विटामिन ए कैरोटीन की मात्रा अधिक होती है। इसमें फाइटो केमिकल्स और एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो बीमारी और बॉडी इंफेक्शन से लड़ने में सहायक होता है। ये वायरल संक्रमण से लड़ने में मदद भी करता है। इसमें कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम और जिंक होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। यह बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद है। इसकी खेती के लिए ठंडी एवं आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है। इसकी खेती के लिए बलुई दोमट मिट्टी काफी उपयुक्त मानी जाती है। इसको लगाने का सही समय सितंबर से अक्टूबर है, शेष अन्य सभी क्रियाएं फूलगोभी की खेती की तरह ही की जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि उद्यानिकी की नई तकनीक एवं प्रजातियों को किसानों तक पहुंचाने में उद्यानिकी विभाग निरंतर प्रयासरत है, ताकि किसानों की आय को बेहतर किया जा सके।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग: शहर के कई जगहों का निरीक्षण कर देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों का किया चिन्हांकन

2 बालिकाओं को खुला आश्रय गृह, मरीन ड्राईव तेलीबांधा तथा 2 बालकों को शासकीय बाल गृह (बालक) माना कैम्प भेजा गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्ट्रीट सिचुएशन ऑफचिल्ड्रन के संबंध में जारी निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन हेतु राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने शहर के कई जगहों का निरीक्षण किया। भारत सरकार नई दिल्ली से रायपुर प्रवास पर आये सलाहकार द्वय सुश्री अंशु शर्मा एवं सुश्री पूजा पुनेठा द्वारा जिले में अंतर्विभागीय यथा जिला बाल संरक्षण इकाई. बाल कल्याण समिति. विशेष किशोर पुलिस इकाई, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, चाईल्ड लाईन एवं एनएसएस स्काउट, एनसीसी तथा स्थानीय नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ विगत 9 फरवरी को स्ट्रीट सिचुयेशन ऑफ चिल्ड्रन के संबंध में परिचर्चा बैठक किया गया। इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा गठित अंतर्विभागीय 22 सदस्यीय रेस्क्यू टीम द्वारा 11 फरवरी को उक्त सलाहकार द्वय के नेतृत्व में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में स्ट्रीट सिचुवेशन ऑफ चिल्ड्रन (देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक) के विभिन्न हॉट-स्पॉट यथा घड़ी चौक, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, कमल विहार, पचपेड़ी नाका, गुढ़ियारी, चूना भट्ठी, अमलीडीह, मरीन ड्राईव, राजेन्द्र नगर, सांई मंदिर, कटोरा तालाब, जैतस्तंभ चौक, काली बाड़ी आदि स्थानों पर निरीक्षण/भ्रमण करते हुए 20 बच्चों का चिन्हांकन किया गया इसमें से 16 बच्चों के परिजनों को समझाईस दिया जाकर 4 बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इन बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए 2 बालिकाओं को खुला आश्रय गृह, मरीन ड्राईव तेलीबांधा तथा 2 बालकों को शासकीय बाल गृह (बालक) माना कैम्प में सुरक्षा संरक्षण और आश्रय उपलब्ध कराया गया।

उक्त टीम द्वारा लगातार रेस्क्यू अभियान चलाते हुए जिले के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी भ्रमण कर देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों का चिन्हांकन किया जाएगा। ऐसे बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। केन्द्रीय एवं राज्य स्तर द्वारा बच्चों के हितार्थ के लिए संचालित योजनाओं से जोड़कर ऐसे बच्चों को लाभान्वित किया जाएगा ।

### ई डिस्टिक पोर्टल द्वारा नागरिक लॉगिन से अब एक माह में 4 आवेदन की सुविधा

# सिटीजन आईडी के दुरुपयोग रोकने के लिए चिप्स की पहल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत संचालित ई डिस्ट्रिक्ट परियोजना के पोर्टल में आवश्यक परिवर्तन करते हुए अब एक मोबाइल नंबर से एक माह में अधिकतम केवल 4 आवेदन की सीमा तय कर दी गई है. यह जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समीर विश्नोई ने बताया कि विगत दिनों ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में आम नागरिकों की सुविधा के लिए दिए गए सिटीजन लॉगिन का दुरुपयोग करने के समाचारों को देखते हुए चिप्स द्वारा स्वत संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से आवेदन करने की संख्या को सीमित किया गया है। एक माह में 4 से ज्यादा आवेदन की दशा में नागरिक लोक सेवा केंद्र, चॉइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। यह सुविधा लोक सेवा केंद्र द्वारा संचालित समस्त सेवाओं पर लागू होगी।

समीर विश्नोई ने बताया कि शीघ्र ही ई डिस्ट्रिक्ट परियोजना का उन्नत नवीन पोर्टल प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति नागरिक लॉगइन का दुरुपयोग ना कर सके।

ई डिस्ट्रिक्ट परियोजना के नवीन पोर्टल में उपरोक्त सुविधा के साथ-साथ प्रत्येक लोक सेवा केंद्र के लिए प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे जिसे केंद्र संचालकों को अपने केंद्र में पठनीय स्थल पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। इस प्रमाण पत्र में संबंधित केंद्र का पूर्ण विवरण दर्ज होगा और इंक्रिप्टेड क्यूआर कोड भी होगा जिससे कोई भी नागरिक स्कैन कर अथवा वेब में आईडी डालकर उस सेंटर की वैधता को जांच सकते हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















# कभी खाने को घर में नहीं होता था निवाला, आज करोड़ों की मालकिन हैं रश्मि देसाई

टीवी की लोकप्रिय अदाकारा रश्मि देसाई का आज जन्मदिन है। 2006 में अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाली रश्मि देसाई ने आर्थिक तंगी की वजह से 16 साल की उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था। एक साक्षात्कार के दौरान रश्मि देसाई ने अपना दुख व्यक्त करते हुए बताया था कि 'मेरी मां एक सिंगल पेरेंट थी। एक समय ऐसा भी था जब हमारे पास दो वक्त की रोटी के लिए भी पैसे नहीं हुआ करते थे। मां अकेले दिन-रात हमारे पेट भरने के लिए महनत करती थीं। इसलिए मैंने 16 साल की उम्र में ही कमा करना शुरू कर दिया था।



### टीवी की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस

टीवी, हिंदी और भोजपुरी फिल्मों के अलावा वेब सीरीज में काम कर चुकी हैं रश्मि देसाई को असल पहचान 2008 में आए हिंदी धारावाहिक 'उतरन' से मिली। इस सीरीयल में रश्मि ने तपस्या का किरदार निभाया था। इसके बाद वह सिद्धार्थ शुक्ला के साथ सीरियल 'दिल से दिल तक' में नजर आईं। अपने अभिनय के दम पर हर किसी के दिलों पर राज करने वाली रश्मि देसाई का नाम जल्द ही टीवी की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस की सूची में शामिल हो गया। वह बिग बॉस 13 और बिग बॉस 15 का हिस्सा भी रहीं। इसके अलावा उन्होंने खतरों के खिलाड़ी 6 में भी हिस्सा लिया था।5 फ्लैट की मालकिन हैं रश्मि देसाई

14 साल से अभिनय की दुनिया में काम करने वाली रश्मि देसाई 5 फ्लैट की मालकिन हैं। अभिनेत्री के पास कई महंगी कारों का कलेक्शन भी है। जिसमें 60 लाख से लेकर 3 करोड़ रुपये वाली मसर्डीज भी शामिल है।

### इतने करोड़ है रश्मि देसाई की नेट वर्थ

नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, रश्मि देसाई की कुल संपत्ति 7.12 करोड़ रुपये की है। रश्मि देसाई 'रावण' और 'मीत मिला दे रब्बा' नामक धारावाहिकों में काम कर चुकी हैं, जिन्हें समीक्षकों द्वारा सराहा गया। देसाई को भोजपुरी और हिंदी फिल्मों जैसे 'साथी संघती' और 'ये लम्हे जुदाई के' में उनके अभिनय के लिए भी जाना जाता है।

# पहली फिल्म के बाद ही इंडस्ट्री से दूर जाना चाहती थीं रश्मिका मंदाना, ये थी बड़ी वजह

साउथ इंडस्ट्री की सुपरहिट एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया, लेकिन फिल्म 'पुष्पा: द राइज' ने उनकी पॉपुलैरिटी को चार चांद लगा दिए। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना ने 'श्रीवल्ली' का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। तभी तो इस फिल्म को देखने वाले लोग अल्लू अर्जुन के साथ-साथ रश्मिका मंदाना के भी फैन हो गए हैं। आज के समय में रश्मिका मंदाना के पास कई सारे प्रोजेक्ट्स हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक समय ऐसा भी था जब रश्मिका मंदाना फिल्मी दुनिया से दूरी बनाना चाहती थीं।



रश्मिका मंदाना फिल्म इंडस्ट्री को हमेशा-हमेशा के लिए छोड़ना चाहती थीं। इस बात का खुलासा खुद रश्मिका ने अपने एक इंटरव्यू में किया था। इस दौरान रश्मिका ने फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ने की प्लानिंग के पीछे की वजह भी बताई थी। आइए आपको बताते हैं एक्ट्रेस ने क्या कहा था।

दरअसल, रश्मिका मंदाना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वह इस फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ने का सोच रही थीं और उन्होंने अपने पिता के बिजनेस के साथ जुड़ने का फैसला कर लिया था। इस इंटरव्यू में रश्मिका से सवाल किया गया कि 19 साल की उम्र में आपने काम करना शुरू कर दिया था, ऐसे में आपकी उम्र की लड़कियां अपनी लाइफ को एंजॉय करती थीं लेकिन आप रात दिन मेहतन करती थीं। आपको कैसा महसूस होता था?

इस सवाल का जवाब देते हुए रश्मिका ने कहा था, 'मैं अपनी जिंदगी में खूब मस्ती करना चाहती थी। हां, मैं खुद पर गर्व भी महसूस करती थी कि मैंने उन दिनों में इतना काम किया। उस काम का मुझे आज परिणाम मिल रहा है। लेकिन ये भी सच है कि तब मुझे लगता था कि एक फिल्म करके बस। तब मेरे मां-पापा ने भी कहा था कि एक ही फिल्म कर लो और फिर वापस आ जाओ। लेकिन किस्मत में कुछ और लिखा था। दर्शकों ने मुझे रोक लिया।'

इस इंटरव्यू में रश्मिका मंदाना ने ये भी बताया कि अगर वह आज के समय में एक्टिंग नहीं कर रही होतीं तो वह क्या करतीं? रश्मिका के मुताबिक, अगर वह एक्ट्रेस नहीं होतीं। तो वह अपने पिता के बिजनेस को संभाल रही होतीं।

रश्मिका मंदाना को सोशल मीडिया पर नेशनल क्रश का खिताब मिल चुका है। उनके एक्सप्रेशन का हर कोई दीवाना है। सोशल मीडिया पर उनकी क्यूट तस्वीरें वायरल होती रहती हैं, जिसमें उनके चेहरे पर मौजूद अलग-अलग एक्सप्रेशन हर किसी को खुश कर दें। बता दें 'पुष्पा' के रश्मिका मंदाना के पास कई बॉलीवुड फिल्मों के ऑफर की लाइन लग चुकी है।

# विवादः रिलीज होते ही कानूनी पचड़े में पड़ी रवि तेजा की 'खिलाडी', अक्षय कुमार की फिल्म का टाइटल चुराने का लगा आरोप

हाल ही में रिलीज हुई साउथ अभिनेता रवि तेजा की फिल्म खिलाड़ी अपनी रिलीज के साथ ही विवादों में आ गई है। फिल्म के नाम को लेकर बॉलीवुड निर्देशक रतन जैन ने दिल्ली हाई कोर्ट में रवि तेजा की फिल्म के मेकर्स पर केस दर्ज कराया है। दरअसल, बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की साल 1992 में आई फिल्म का नाम भी खिलाड़ी ही था, जिसे रतन जैन ने निर्देशित किया था। ऐसे में रवि तेजा की इस फिल्म के मेकर्स पर यह आरोप लगा है कि उन्होंने फिल्म का टाइटल के लिए अनुमति नहीं ली है।




एक इंटरव्यू में रतन ने कहा कि हमारे पास खिलाड़ी नाम का ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन है। यह ट्रेडमार्क पूरे देश के लिए है। मनोरंजन जगत में कोई भी खिलाड़ी नाम के शीर्षक का इस्तेमाल नहीं कर सकता। सबसे बड़ा खिलाड़ी, खतरों के खिलाड़ी जैसी अन्य फिल्मों की बात अलग है, लेकिन खिलाड़ी सिर्फ हमारा ट्रेडमार्क है।

इंटरव्यू के दौरान रतन जैन ने आगे कहा कि इस मामले में 11 फरवरी को सुनवाई करते हुए जज ने कहा था कि फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने में काफी देर हो चुकी है। वहीं हमने भी यह साफ किया था कि हम फिल्म की रिलीज नहीं रोकना चाहते। हम नहीं जानते कि मेकर्स ने ऐसा क्यों किया। उन्होंने फिल्म का ट्रेलर ही बहुत देरी से 8 फरवरी को रिलीज किया है, जो कि फिल्म रिलीज होने के 2 दिन पहले था। इसी बीच हमने 9 फरवरी को केस की तैयारी की और 10 तारीख को दिल्ली हाईकोर्ट में केस सुनवाई के लिए रखा, इसलिए मामले में हमारी ओर से कोई देरी नहीं की गई है।

रतन जैन आगे कहते हैं कि आज उन्होंने सिर्फ इस फिल्म का टाइटल लिया है। कल वह अन्य कई बड़ी बॉलीवुड फिल्मों के टाइटल लेंगे। इससे काफी परेशानी होगी। अगर आज आप गूगल पर खिलाड़ी ढूंढते हैं तो आपको सिर्फ तेलुगु फिल्म में नजर आएगी, जो कि बिल्कुल सही नहीं है। यह मामला कॉपीराइट का है और मेकर्स को इसे मानना चाहिए। वहीं इस पूरे मामले में अगली सुनवाई 16 फरवरी को की जाएगी। गौरतलब है कि इस तेलुगू फिल्म के मेकर्स ने खिलाड़ी टाइटल को साउथ एसोसिएशन में रजिस्टर कराया है।

# संयुक्त अरब अमीरात के सिनेमाघरों में उतरेगी राजकुमार राव-भूमि पेडनेकर की 'बधाई दो', जल्द रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और अभिनेता राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'बधाई दो' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी हैं। अपनी रिलीज के साथ ही यह फिल्म इन दिनों चर्चा में बनी हुई हैं। दरअसल फिर मेंमैं लोगों को एक नई कहानी दिखाने की कोशिश की गई है। हालांकि, दर्शकों पर यह फिल्म कोई असर करती नहीं दिख रही है। इसी बीच अब इस फिल्म से जुड़ी एक नई खबर सामने आ रही हैं। इन दोनों ही कलाकारों के फैंस के लिए यह खुशखबरी साबित हो सकती है।



राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की फिल्म बधाई दो जल्द ही संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में रिलीज होने वाली है। सेंसर सर्टिफिकेट हासिल करने के बाद अब यह फिल्म यूएई में 21 वर्ष से ज्यादा उम्र के नागरिकों के लिए सिर्फ नाइट शो में दिखाई जाएगी।

जंगली पिक्चर्स की फिल्म बधाई दो का निर्देशन हर्षवर्धन कुलकर्णी ने किया है, जबकि इसे लिखा अक्षत घिल्डियाल और सुमन अधिकारी ने है। अपनी रिलीज के पहले दिन 1.65 करोड रुपए की कमाई की है। फिल्म की कमाई को देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह फिल्म दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आ रही है।

दरअसल, फिल्म के जॉनर की बात करें तो यह फिल्म एक सामाजिक विषय समलैंगिकता पर आधारित है। लेकिन दो महीने पहले रिलीज हुई फिल्म 'चंडीगढ़ करे आशिकी' भी इसी विषय पर आधारित एक फिल्म थी, जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास असर नहीं दिखा पाई थी। इसलिए यह कहना गलत होगा कि फिल्म के जॉनर की वजह से बधाई दो फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं कर पाई।

वहीं, फिल्म की कहानी के बारे में बात की जाए तो फिल्म में राजकुमार राव 'महिला पुलिस स्टेशन' के एक पुलिस वाले शार्दुल ठाकुर की भूमिका में हैं तो वहीं भूमि सुमन एक पीटी शिक्षिका हैं। फिल्म में दोनों ही समलैंगिक है और समझौते की शादी करने के बाद अपना जीवन स्वतंत्रता से जीते हैं। इस फिल्म में राजकुमार और भूमि के साथ-साथ सीमा पहवा, लवलीना मिश्रा, नितिश पांडे और शशि भूषण भी हैं।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026,
8962815243

Hotel Shiv Prabha Inn.
& Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana
Talkies & Hotel
Apana Keshari Lodge,
Power House,
Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई


● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

लिजना स्पोर्ट्स वियर
हमारे यहां सुपरपॉली, कसरा, ड्राईफिट, एन.एस लायकरा आदि कपड़ों के लोवर, चड्डा, बनाये जाते है, एवं स्पोर्ट्स की टी-शर्ट होलसेल रेट में बनाए जाते हैं
संबंधित संस्थान
New J.P. Sports
Shop No. E-20, Circular Market, Camp-2, Bhilai
Mo. Lovely: 9993338252, 9300878988

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के
आकर्षक रेडिमेड
वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2,
पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन

■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

रामजाने स्वादिष्ट
चाट भंडार
शादी एवं पार्टी में
ऑर्डर लिया जाता है
संपर्क करें : 8871247959

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरुम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां
डिजाईनर साड़ियां एवं
सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं
दाल के
थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर

### गरियाबंद महिला मंडल की महिलाओं ने दी लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि

**गरियाबंद।** गरियाबंद नगर में सबसे पुरानी संचालित महिला मंडल समूह की सदस्यो के द्वारा आज शनिवार को स्वर्गीय लता मंगेशकर के महिला मंडल कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किये ।जहा इस श्रद्धांजलि सभा मे महिला सदस्यों के द्वारा लता मंगेशकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । इस सभा मे संरक्षक विनोदनी मिश्रा और अध्यक्ष विमला साहू ने कहा कि लता जी का देहांत देश के लिए अपूर्णीय क्षति है ,उनका स्थान कोई नही ले सकता ,भाले ही उनकी देहांत हो चुकी है लेकिन उनकी यादे हमेशा हमारे दिलों में रहेगी ।इस अवसर पर पदमा यादव ,राखी तिवारी ,आसिया खान,प्रतिभा पटेल,ममता फुलझेले, प्रतिभा हमने,सविता गोस्वामी, फेकन देवदास, सुमन देवांगन उपस्थित थे।

### ग्राम शोभा के मड़ई मेल में निकली देवताओं की सवारी, क्षेत्रवासियों में दिखा उत्साह

**गरियाबंद।** राजापड़ाव क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत शोभा में मड़ई मेले का भव्य आयोजन किया गया। क्षेत्र के समस्त गाँवों से परंपरा अनुरुप डांग डोली की सवारी करते देवी देवतागण पहुंचे ।मड़ई को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला ।मड़ई मेला में दूरदराज के लोग भी पहुंचे और देवी देवताओं के साथ परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम अपने निजग्राम शोभा के मड़ई में उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों को मेला मड़ाई की बधाई शुभकामनाएं दी व पूरे मेला मड़ाई का भ्रमण किया।*इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि* मड़ई मेला हमारे संस्कृति की अनमोल धरोहर है ।यह हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है ।आपसी सदभाव के साथ यह समारोह मनाया जाता है ।खुशियों के पल को आपस में मिल बांटकर अपनों के साथ मनाने की परंपरा सचमुच में एक सुखद अहसास कराता है। हमें वनांचल की इस विशिष्ट परंपरा को कायम रखने सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए ।इस दौरान ग्राम पंचायत शोभा के सरपंच प्रतिनिधि तिलक मरकाम,संजय देवंशी उपसरपंच संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

# कैट सीजी चैप्टर ने व्यापारी संवाद राष्ट्रीय अभियान के तहत व्यापारियों की समस्याओं से कराया अवगत

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि व्यापारी संवाद राष्ट्रीय अभियान के तहत कैट सी.जी. चैप्टर के कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन एवं प्रदेश महामंत्री सुरिन्दर सिंह के नेतृत्व में कैट टीम का एक प्रतिनिधी मंडल ने रायपुर होलसेल स्टेशनरी एसोसियेशन, छत्तीसगढ़ पेपर ट्रेडर्स एसोसियेशन एवं छत्तीसगढ़ टॉयज विक्रेता संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात कर व्यापार में आ रही समस्याओं से अवगत हुए।

कैट सी.जी. चैप्टर के कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन एवं प्रदेश महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह ने कहा कि व्यापारी संवाद राष्ट्रीय अभियान के तहत रायपुर होलसेल स्टेशनरी एसोसियेशन, छत्तीसगढ़ पेपर ट्रेडर्स एसोसियेशन एवं छत्तीसगढ़ टॉयज विक्रेता संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात किया। एसोसियेशनो के पदाधिकारियों ने व्यापार में आ रही समस्याओं से टीम कैट को अवगत कराया। जो निम्नानुसार है :- 1. स्टेशनरी में जीएसटी दर अलग-अलग है। जिससे व्यापारियों को परेशानी होती है। जीएसटी दर में एक समान होना चाहिए। जिससे व्यापार करने में सुगमता हो। 2. जीएसटी में बहुत जटीलता हैं, जिसका सरलीकरण किया जाना चाहिए। 3. 1 जनवरी 2021 के पूर्व निर्मित खिलौनों के विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबन्ध लगया गया

था। जिसे शिथिल करते हुए व्यापारियों पर कार्यवाही न की जाए। 4. पेपर एवं पेपर बोर्ड से निर्मित उत्पादकों का जीएसटी दर 12 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत है। जिसे घटाकर 12 प्रतिशत किया जाएं । 5. विक्रेता द्वारा समय पर जीएसटी रिर्टन नहीं भरने पर क्रेता को जीएसटी इनपुट क्रेडिट नहीं मिल पाता हैं जिससे क्रेता के ऊपर ब्याज सहित अतिरिक्त जीएसटी का भार आता है। जिसका समाधान निकालना अति आवश्यक है। श्री जैन एवं श्री सिंह ने बताया कि व्यापारी संवाद राष्ट्रीय अभियान तहत रायपुर होलसेल स्टेशनरी एसोसियेशन, छत्तीसगढ़ पेपर ट्रेडर्स एसोसियेशन एवं छत्तीसगढ़ टॉयज विक्रेता संघ के व्यापारियों को व्यापार में आ रही समस्याओं को शीघ्र ही संबधित मंत्रालय एवं विभाग को अवगत कराते हुए समस्याओं के निराकरण एवं सुझाव कैट सी.जी. चैप्टर द्वारा दिया जायेगा।

# बीजापुर मुठभेड़ के शहीद को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बीजापुर नक्सली मुठभेड़ के शहीदों को कांग्रेस ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित किया है। हमले में हुई शहादत पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज़ करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा लाशों पर राजनीति मत करे। हमारे वीर शहीद की शहादत व्यर्थ नही जाएगी। राजनैतिक बयानबाजी की एक मर्यादा और सीमा होती है भाजपाई आरोप लगाने की अंधी दौड़ में सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ रहे हैं। भाजपा नेता केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए शहादत का अपमान कर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष भूल रहे हमारे जवानों के हौसले के कारण विगत 3 साल में संपूर्ण छत्तीसगढ़ सहित बस्तर में हो रहे विकास कार्यों से नक्सल गतिविधियों में कमी आई है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार नक्सल घटनाओं में 37 प्रतिशत और शहादत में 52 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। बस्तर के विकास में आम जनता की सहभागिता से नक्सलियों का मनोबल टूटा है। नक्सली इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली-पानी, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण में तेजी से नक्सल प्रभाव सिकुड़ रहा है। जगरगुंडा-बासागुड़ा राजमार्ग पिछले 20 सालों से बंद था जो अब शुरु किया गया है। नक्सल प्रभावित इलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के कैमरे स्थापित किए गए हैं। जनसुविधा और कल्याणकारी योजनाओं से आमजनता का भूपेश सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है, जिससे नक्सलियों के पैर उखड़ने लगे हैं।

# अंजरेल के 20 परिवारों का हाल जानने कलेक्टर ने लांघा पहाड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** जिले में नवपदस्थ कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने जिले की बागडोर अपने हाथों में लेते ही जिले ऐसे क्षेत्र जहां कभी कोई बड़ा अधिकारी नहीं पहुंचा, वहां पहुंचकर वहां रहने वाले लोगों का हालचाल जान रहे हैं और वहां शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ले रहे हैं। कलेक्टर रघुवंशी आज अंजरेल पहाड़ी के उस पार रहने वाले 20 परिवारों का हाल जानने 2 किलोमीटर पैदल चलकर अंजरेल गांव पहुंचें। अंजरेल पहुचंकर कलेक्टर ने ग्रामीण देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। अंजरेल में कलेक्टर ने ईमली पेड़ के नीचे खाट पर बैठकर चौपाल लगायी और ग्रामीणों की समस्या सुनी। ग्रामीणों ने कलेक्टर को अपने बीच पाकर काफी खुश हुए और बारी-बारी से अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, पुलिया आदि समस्या की जानकारी दी।

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए तत्काल ही द्वितीय श्रेणी सड़क एवं देवगुड़ी स्थल का भूमिपूजन किया। इस सड़क के बन जाने से गांव में रहने वाले 20 परिवारों के लगभग 120 ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर घनश्याम जांगड़े, ग्रामीण उपस्थित थे।

# आयुष स्वास्थ्य मेला में 805 मरीजों का किया गया उपचार, दी गई निःशुल्क दवाईयां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय परिसर, रायगढ़ में किया गया। जिसमें आयुर्वेद के 657, होम्योपैथी के 115, प्राकृतिक चिकित्सा के 33 कुल 805 जिसमें पैथोलॉजी जांच 180 पंचकर्म के 73 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवाईयां दी गई। इस मौके पर महापौर जानकी काटजू, पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.अश्विनी शर्मा, डॉ. गौरीशंकर पटेल, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया। पटेल ने अपने संबोधन में वर्तमान जीवन शैली में आयुर्वेद की महत्ता बताई तथा चिकित्सक को मानवता की सेवा के लिए सबसे महत्वपूर्ण कहा। उन्होंने कोविड-19 में आयुष चिकित्सकों के योगदान की सराहना की। महापौर मती जानकी काटजू ने आयुर्वेदिक काढ़े को अत्यंत उपयोगी बताया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल एवं उपस्थित अतिथियों ने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण कर विभाग के विशेष प्रयास से उपलब्ध कराए गए पंचकर्म एवं पैथोलॉजी सुविधा को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। पंचकर्म आयुर्वेद कि वह विशिष्ट विद्या है जिसके द्वारा रोगों का संशोधन कर शरीर को रोग मुक्त किया जाता है। आयुष मेले में लगाए गए स्टाल औषधीय पौधों की प्रदर्शनी काढ़ा वितरण क्षारसूत्र स्नेहन विरेचन स्वेदन सहित पंचकर्म चिकित्सा बालरोग स्वास्थ्य वृत्त का अवलोकन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल सहित मेले में दूरदराज से आए सैकड़ों हितग्राहियों ने प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुष काढ़े का सेवन किया। प्रतिरोधक क्षमता वर्धक तथा श्रेष्ठ रसायन औषधि के रूप में जानी जाती है होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर मुकेश साहू द्वारा प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए होम्योपैथिक औषधि आर्सेनिक एल्बम 30 की तीन खुराक रोजाना लेने की सलाह दिया एवं वितरण किया गया।

# अगले छह महीने में पूरा होगा गोगांव अंडरब्रिज का काम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** उरकुरा-सरोना बायपास रेल लाइन पर गुढ़ियारी- गोगांव रेलवे अंडर ब्रिज का काम अगले छह महीने में पूरा होने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग ने इस अंडर ब्रिज को बनाने में लगे ठेकेदार मे. व्ही बी प्रापर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर को काम में लापरवाही, धीमी प्रगति और कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी काम में उदासीनता बरतने पर टर्मिनेट कर दिया है। इसके साथ ही अब फिर से निविदा बुलाकर नए ठेकेदार को अनुबंधित कर स्वीकृति पत्र भी जारी कर दिया गया है। गोगांव अंडर ब्रिज का बांकी काम अब मेसर्स बंसल

इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। काम पूरा करने विभाग ने छह माह की अवधि निर्धारित की है। लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रायपुर के इंजीनियर सी के पांडेय ने आज यहाँ बताया कि गुढ़ियारी-गोगांव रेल मार्ग पर गोगांव गेट पर अंडर ब्रिज बनाने का काम मई 2016 में मे. व्ही बी प्रॉपर्टीज एण्ड इन्फ्रॉस्ट्रक्चर को दिया गया था। कार्य एंजेसी को वर्षाकाल के साथ 12 महिने मे काम पूरा करना था। कार्य स्थल पर अतिक्रमण को हटाने में देरी के कारण ठेकेदार को गोगांव अंडरब्रिज बनाने की समयावधि जनवरी 2018 तक बढ़ाई गई थी। कार्य एंजेसी द्वारा श्रमिकों की कमी, आवश्यक संसाधनों की कमी और कुशल तकनीकी स्टॉफनहीं होने के कारण इस समय अवधि में काम पूरा नहीं किया जा सका। अंडरब्रिज में बाक्स पूशिंग के लिए भी जरूरी तकनीकी उपकरण और कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण अंडरब्रिज का काम निर्धारित कार्य योजना अनुसार नहीं किया जा सका।

पाण्डेय ने बताया कि काम की धीमी गति, लापरवाही और समय अवधि में कार्य योजना अनुसार काम पूरा नहीं होने के कारण मेसर्स व्ही बी प्रॉपर्टीज एण्ड इन्फ्रॉस्ट्रक्चर को समय-समय पर नोटिस भी जारी किए गए लेकिन कंपनी द्वारा गोगांव अंडरब्रिज का काम पूरा करने में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। कंपनी द्वारा केवल पांच बाक्सों के निर्माण एवं गोगाँव की ओर पहुंच मार्ग का आंशिक काम अब तक किया गया है। कंपनी ने कार्य के लिए निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी अब तक केवल 39 प्रतिशत काम ही किया है। पाण्डेय ने बताया काम की धीमी गति, उदासीनता और कई बाद नोटिस दिए जाने के बाद भी गोगांव अंडरब्रिज निर्माण के काम में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग द्वारा पिछले दिसम्बर महिने में कंपनी के अनुबंध को टर्मिनेट कर दिया गया है। कम्पनी से साढ़े 87 लाख रुपए की वसूली भी की जा रही है साथ ही कम्पनी की 51 लाख रुपए की जमा सुरक्षा अमानत राशि भी जप्त की जाएगी। पाण्डेय ने बताया कि अंडर ब्रिज के बाकी बचे काम के लिए फिर से निविदा बुलाई गई ।10 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत वाली नई निविदा को प्रशासन द्वारा जनवरी 2022 में ही स्वीकृत कर लिया गया है और नए ठेकेदार बंसल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड को स्वीकृति पत्र भी जारी कर दिया गया है।

# फ्लैट बुक किया पर वर्षों से राशि जमा नहीं की आरडीए ने 812 लोगों को दिया नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण की योजनाओं में फ्लैट्स की बुकिंग कर वर्षों तक राशि जमा नहीं करने वालों के प्रति अब बकाया राशि देने अथवा बुकिंग निरस्त कर पंजीयन राशि राजसात करने की कार्रवाई शुरु की गई है। प्राधिकरण ने कमल विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा के अंतर्गत ऐसे 812 आवंटितियों को नोटिस जारी करने के बाद स्थानीय समाचार पत्रों में नाम और बकाया राशि के साथ आम सूचना प्रकाशित की है। प्राधिकरण व्दारा व्दारा निर्धारित समय में राशि जमा नहीं करने वालों को आवंटित फ्लैट्स का आवंटन निरस्त कर उसे पुनः विक्रय किया जाएगा।


प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कमल विहार योजना के सेक्टर 1, 2, 4, 7, 7ए,8ए में 607 फ्लैट्स तथा इन्द्रप्रस्थ रायपुरा योजना में 205 फ्लैट्स के आवंटितियों को बकाया राशि जमा करने के लिए अंतिम नोटिस दिया गया है। इसमें 1 बीएचके, 2 बीएचके, 3 बीएचके, ईड्ब्लूएस, एलाईजी के फ्लैट्स शामिल हैं। इनमें कमल विहार में 607 आवंटियों से 4.68 लाख से 21.27 लाख रुपए तक लिया जाना है। वहीं इन्द्रप्रस्थ रायपुरा में 205 आवंटितियों से 4.33 लाख से 13.65 लाख रुपए लिया जाना शेष है। रायपुर विकास प्राधिकरण व्दारा बुकिंग कराने वाले आवंटियों से प्राप्त होने वाली राशि से ही फ्लैट्स का निर्माण किया जा रहा है। परंतु कुछ आवंटितियों व्दारा निर्धारित समय पर राशि नहीं दिए जाने से निर्माण कार्य की प्रगति प्रभावित हो रही है। ऐसे में प्राधिकरण व्दारा बकाया राशि नहीं देने वाले आवंटियो का आवंटन निरस्त कर पुनः विक्रय किए जाने से जो राशि प्राप्त होगी उसी से इन फ्लैट्स का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिन आवंटियो ने राशि समय पर जमा की है उनके व्दारा भी बार - बार समय पर भुगतान नहीं करने वालों के आवंटन निरस्त कर अन्य जरूरतमंदो को विक्रय किए जाने की मांग की जाती रही है ताकि फ्लैट्स का निर्माण शीघ्र पूरा किया जा सके जिस से उनका अपने घर का सपना जल्द से जल्द पूरा हो सके।

### जिले में प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों को समय पर उपलब्ध कराई जा रही अनुग्रह सहायता राशि

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले में प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अनुसार समय पर अनुग्रह सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि कुछ हितग्राहियों को आरबीसी 6-4 के तहत तीन वर्ष से सहायता राशि नहीं मिलने की जानकारी पर मामले को तत्काल संज्ञान में लिया तथा संबंधित शाखा से मामले की जानकारी ली। कलेक्टर ने बताया कि तेरह हितग्राहियों में से डौण्डी विकासखण्ड के तीन हितग्राहियों - निलकुमार आ. मोतीराम गुदूम, रोहित कुमार गौर आ. चैतराम ग्राम चिखली एवं दीनूराम आ. चैतू ग्राम मथेना को 21 अक्टूबर 2021 को अनुग्रह राशि का भुगतान किया जा चुका है।





































## खास-खबर



### फोटोग्रोफर से बाइक सवार 4 बदमाशों ने की लूट

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में शादी कार्यक्रम से लौट रहे फोटोग्राफर और उसका दोस्त शनिवार सुबह लूट का शिकार हो गए। बाइक सवार चार युवक उसका पीछा करते आए और धक्का देकर उन्हें गिरा दिए। फिर चाकू मारने की धमकी देकर बैग में रखे कैमरा, मोबाइल वगैरह लूटकर भाग निकले। घटना सकरी थाना क्षेत्र की है। सिरगिट्टी के तिफरा निवासी संदीप चौधरी (22) फोटोग्राफर है। वह अपने दोस्त लक्की सोनकर के साथ शुक्रवार को शादी कार्यक्रम में फोटोग्राफी करने तखतपुर गया था। कार्यक्रम के बाद दोनों सुबह करीब 3 बजे बाइक में सवार होकर घर आने के लिए निकले थे। अभी दोनों युवक सकरी से पहले पेंडारी के पास पहुंचे थे। उसी समय दो बाइक पर 4 युवक पीछा करते हुए आए और धक्का मारकर उन्हें गिरा दिया। फिर लुटेरों ने मारपीट की और चाकू दिखाकर बैग में रखे कैमरा, मोबाइल, पुराने कपड़े, एटीएम कार्ड सहित अन्य दस्तावेज लूटकर भाग निकले।

इस घटना के बाद युवकों ने थाने में शिकायत की, जिस पर पुलिस सकरी रोड में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। इसके साथ ही साइबर सेल की मदद से लुटेरों की पतासाजी की जा रही है। हालांकि, अब तक लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

पुलिस की पूछताछ में फोटोग्राफर ने बताया कि लूटपाट करने वाले चारों युवक चेहरे को गमछे से लपेट कर ढंके हुए थे, ताकि उनकी पहचान न हो सके। सभी छत्तीसगढ़ी भाषा बोल रहे थे। ऐसे में शक है कि वारदात को अंजाम देने वाले युवक स्थानीय है और मौका पाकर लूटपाट किए हैं। पुलिस आसपास के ढाबों में भी जाकर लुटेरों की जानकारी जुटा रही है।

### दिनदहाड़े लाखों के जेवर पार किराएदार पर शक

**रायपुर ( ए )।** राजधानी में शुक्रवार को जहां एक ओर पुलिस चोरी के मामलों को राजफाश कर रही थी, वहीं दूसरी ओर दिन दहाड़े चोर ने लाखों के जेवर उड़ा दिए। गुढ़ियारी थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला के घर से तीन लाख 50 हजार की चोरी हुई है। गुढ़ियारी थाना के राम नगर चौकी इलाके में चोरी की वारदात हुई। उमा नायडू गोकुल नगर निवासी ने चारी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। प्रार्थी मकान किराए पर देकर अपना जीवन यापन करती। शुक्रवार दोपहर लगभग 12.30 बजे के च्वाइंस सेंटर जयंती भवन में कुछ काम से गई थी। जब वापस आई तो घर का दरवाजा खुला हुआ था। घर के अंदर रखी अलमारी से चोरी कर ले गए। चोर अलमारी के ड्राज में रखे सोने के दो हार, तीन सोने की चेन, एक सोने के पेंडल, तीन जोड़ी सोने का कान का लटकन, एक सोने की अंगूठी, दो नग सोने की चूड़ी चुरा ले गया। इसके अलावा 20 हजार रुपये नगदी चुरा ले गया। चोरी की घटना के बाद से किराएदार अभिषेक मित्रा गायब है। उसने अपना फोन भी बंद कर रखा है। महिला को किराएदार पर ही चोरी करने का शक है। थाने में किराएदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। देवेंद्र नगर ज्वेलर्स दुकान में चोरी के अलावा, उरला, धरसींवा और कबीर नगर में चोरी कुल नौ वारदातें हुई थी। जिस पर पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# शादी में पटाखे छोड़ने पर विवाद, दूल्हे समेत छह को मारा चाकू, पांच गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** राजधानी में शनिवार को देर रात शादी समारोह में चाकूबाजी की वारदात में 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने चाकूबाजी के मुख्य आरोपित दिलकश अली समेत 5 आरोपितों को हिरासत में लिया है। पंडरी के खपराभट्टी में रहने वाले भरत साहू का शादी हो रहा था, दिन में निखिल साहू पटाका फोड़ रहा था तभी एक पटाका तरुण नगर निवासी बदमाश दिलकश अली के पास जाकर फूटा।

दिलकश अली ने निखिल साहू के साथ मारपीट की, जिसकी शिकायत दिन में ही पंडरी थाने में दर्ज हुई थी और पुलिस आरोपित की तलाश करी रही थी। देर रात करीब 12 बजे आरोपित दिलकश अली नशे में अपने 5-6 साथियों के साथ शादी समारोह में पहुंचकर निखिल साहू को ढूंढने लगा, तभी वहां समारोह में शामिल होने आए लोगों ने आरोपित को समझने की कोशिश कर रहे थे, दिलकश अली ने अपने साथ लाए चाकू से सामने आने वाले सभी बरातियों को ताबड़तोड़ चाकू मारना



शुरू कर दिया।

जिससे शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद बारातियों के शोर मचाने के बाद ने दिलकश साथियों के साथ भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूल्हा भरत साहू समेत सभी पांचों घायलों को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया। एक की हालत गंभीर बताई गई है। चाकूबाजी में दूल्हा भरत साहू समेत देवेंद्र साहू, पुनीत साहू, लखन साहू और लक्की साहू व गोलू साहू घायल हुए है।

### चार थानों के टीई और पुलिस पहुंची

घटना के बाद देर रात पुलिस के आलाधिकारी समेत चार थानों के टीआई मौके पर पहुंचे थे और सभी फरार आरोपितों को कई टीमें लगाकर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पंडरी थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास समेत कई अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर मुख्य आरोपित दिलकश अली समेत पांच आरोपितों को हिरासत में लिया है।

# मुंबई से बुलाई युवती से अय्याशी करने जा रहे सात युवक चेकपोस्ट में गिरफ्तार

### दो वाहनों में थे सात युवक, अय्याशी के सारे सामान मिले, सातों भेजे गए जेल

### युवती को रायपुर एयरपोर्ट से मुंबई किया गया रवाना

**रायपुर (ए)।** रायपुर के सात युवक हुक्का और मुंबई की एक युवती के साथ बेमेतरा चेक पोस्ट उमरिया चौक बेतर में वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गए। दो चारपहिया वाहनों में सवार युवक हुक्का और एक युवती के साथ पकड़े गए। आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। युवती को सखी सेंटर में रखा गया था, जिसे शनिवार को मुचलके पर छोड़ दिया गया। उसे रायपुर एयरपोर्ट से मुंबई रवाना कर दिया गया। पुलिस के अनुसार रायपुर के युवक अय्याशी करने के लिए कान्हा जा रहे थे।




### अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस कर रही है वाहनों की चेकिंग

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चेक पोस्ट में वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान सफेद दो वाहनों में युवकों के हाव-भाव पर पुलिस को शक हुआ। जांच की गई तो उनकी वाहन से अय्याशी का पूरा सामान जब्त किया गया। पुलिस ने सरस्वती नगर निवासी नलिन लुनिया, आजाद चौक ब्राम्हणपारा रायपुर हीरक बारमेडा, सुंदरनगर रायपुर निवासी विक्रम राज कोरी को एक कार में युवती को हुक्का पीते-पिलाते मिले।

### हुक्का सहित मिले प्रतिबंधित सामान

वाहन से पांच हुक्का पोर्ट, एक पैकेट प्लास्टिक पाइप सहित अन्य प्रतिबंधित चीजें मिली। वहीं दूसरे वाहन में इनके साथी एवरग्रीन चौक रायपुर अहमद मिरान रजा, कैलाशपुरी रायपुर शुभम घुडे, आदर्श नगर आकाश चंद्राकर, बैरन बाजार के अमर यादव को पकड़ा गया। पुलिस ने सातों युवकों और युवती को गिरफ्तार कर लिया।

### युवती को किया गया था हायर

युवती ने खुद को मुंबई महाराष्ट्र की रहने वाली बताया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रायपुर एयपोर्ट से वापस भेज दिया गया। बताया गया है कि युवती को युवकों ने हायर किया था। किसी रिसोर्ट में ले जाने की तैयारी के साथ रायपुर से वे निकले थे, लेकिन मंजिल तक पहुंच पाते इससे पहले पुलिस ने धर दबोचा।

### पुलिस पर कार्रवाई न करने दबाव भी

युवकों के पकड़े जाने से लेकर कार्रवाई तक पुलिस कार्रवाई न हो पाए, इसके लिए दबाव भी बनाया गया। पकड़े गए युवक बड़े घरानों से हैं। परिवार की बदनामी का हवाला देते हुए कार्रवाई न करने के लिए दबाव बनाया गया। लेकिन पुलिस ने दबाव में आए बिना कार्रवाई की।

### मुंबई से लड़की सप्लाई

बेमेतरा पुलिस को कई चौकाने वाली जानकारी हाथ लगी है। युवती ने पुलिस को बताया कि उसे पैसे देकर रायपुर बुलाया गया था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर में मुंबई से लड़कियां बुलाई जाती हैं। इसके लिए एक वकायदा चैन है। एयरपोर्ट के रास्ते वह आती हैं। और फिर वापस चली जाती हैं।

# रकबा बढ़ाकर धान खरीदी में घोटाला कंप्यूटर आपरेटर सहित चार गिरफ्तार



**रायपुर ( ए )।** कृषि साख सहकारी समिति के कंप्यूटर आपरेटर सहित उसके तीन साथियों को धान खरीदी में लाखों के फर्जीवाड़े के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि तीनों ने मिलकर पांच लाख की राशि हड़प ली।

### समिति प्रबंधक ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

तिल्दा नेवरा थाना पुलिस ने कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भिंभौरी के प्रबंधक तेज राम वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। समिति मर्यादित भिंभौरी में कंप्यूटर आपरेटर के पद पर काम करते हुए टेकराम साहू ने वर्ष 2021-22 में अपने तीन अन्य सहयोगी साथियों तुकाराम साहू, वीरेंद्र कुमार धीवर, हेम कुमार धीवर के साथ मिलकर धान खरीदी कार्य में फर्जी नाम पर छलकपट पूर्वक धान विक्रय किया।

### किसान के बदले सहयोगी के खाते में दो लाख 83 हजार डाला

मिली जानकारी के अनुसार टेकराम साहू ने साथियों के साथ मिलकर फर्जी नाम पर कूटरचना एवं छलकपट पूर्वक धान विक्रय किया। इसमें तीन पृथक कृषक का रकबा नाम, बिना उन कृषकों का सहमति के जोड़कर रकबा बढाया गया है। वहीं, किसानों का बैंक खाता ना देकर पैसा, अपने सहयोगी वीरेंद्र कुमार धीवर के खाता में दर्ज कराया गया। धान आवक टोकन संजय कुमार नायक के नाम पर काटकर धान विक्रय किया गया है।

वीरेंद्र के खाते में दो लाख 83 हजार 500 रुपये डाल दिए गए। इस प्रकार समिति के आपरेटर द्वारा कूटरचना कर नारायण के नाम पर फर्जी धान विक्रय कर शासन को तीन लाख 31 हजार 904 रुपये की निकाल लिए गए। वहीं हेमकुमार के नाम पर राजस्व अभिलेखों में कृषक को 8.40 क्विंटल धान विक्रय करना था लेकिन एक बार 29.60 क्विंटल, 54.40 क्विंटल धान विक्रय किया गया है। एक लाख 62 हजार 960 रुपये दूसरे निकाल लिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 18 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राजधानी में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के साथ अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए दो दिन से चेकिंग अभियान चला रही है। गोबरानवापारा पुलिस की टीम ने बस को रोककर सवारियों के बैग व अन्य सामानों की चेकिंग की। चेकिंग में एक बैग में भरा 18 किलो गांजा बरामद किया।

बैग के साथ पुलिस ने महाराष्ट्र के मुंबई निवासी सुरेश कस्बे (53) पुत्र सदाशिव कस्बे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह गरियाबंद जिले से गांजा लेकर मुंबई जा रहा था। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।



### आबकारी एक्ट में 14 लोगों पर कार्रवाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार समस्त थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस बल अपराधों की रोकथाम तथा सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर सार्वजनिक एवं सूनसान स्थान पर जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों,असमाजिक तत्वों, धारदार हथियार रखकर घूमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने के विरुद्ध विशेष चेकिंग कर रही है। चेकिंग में थाना आजाद चौक, पुरानी बस्ती, तेलीबांधा एवं गुढ़ियारी क्षेत्र के अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों एवं चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वाले कुल 14 आरोपितों के विरुद्ध आबकारी एक्ट में कार्रवाई की।

### लगातार जारी है चेकिंग

रायपुर में चाकूबाजी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए चेकिंग अभियान चला रही है। थाना गोबरानवापारा क्षेत्र के राजिम पुल, थाना अभनपुर क्षेत्र के चंडी मोड़, थाना खरोरा क्षेत्र के आजाद चौक बोरेड़ा, थाना आरंग क्षेत्र के पुराना टोल प्लाजा रसनी, थाना मंदिर हसौद क्षेत्र के राजू ढ़ाबा पास स्थित टोल प्लाजा, थाना नेवरा क्षेत्र के दीनदयाल चौक, थाना मुजगहन के सामने, थाना धरसींवा क्षेत्र के टोल प्लाजा तरपोंगी, थाना आमानाका क्षेत्र के नंदन वन चौक के पास विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यहां गांजा एवं अन्य अवैध पदार्थ की चेकिंग की जा रही है।

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006
Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम
20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
• सागौन निर्मित इंडियन मॉडल, वॉल मॉडल, डी मॉडल गुजराती सोफा
• लकड़ी सोफा 9500/- से शुरू (गारंटी के साथ)
• लकड़ी पलंग हाई क्वालिटी के साथ
• स्टील आलमारी आटोमेटिक प्लांट द्वारा निर्मित, भट्टी पेंट वाली
• कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस टेबल, ट्रेनिंग टेबल कम्प्यूटर चेयर ऑफिस चेयर इत्यादि की वैरायटी
आजाद मार्केट, रिसाली (भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान हाई स्कूल के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge, Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

MemSaheb Ladies wear
JOCKEY UNDERWEAR IS OUR PASSION
JULIET
Shop No. 57, A Market, Sec-6 Bhilai
Om Prakash 9926004441, 0788-2284341

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

न्यू अप्सरा साड़ी सेन्टर
घाघरा, चुन्नी, कुर्ती, डिजाइनर साड़ियां सलवार सूट
सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
शॉप 151, ए-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन-2284063

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### जिले भर की फर्टिलाइजर दुकानों में जांच, भंडारण, रिकार्ड तथा मूल्य को लेकर की गई जांच

**दुर्ग।** फर्टिलाइजर के भंडारण एवं अधिक मूल्यों में बेचे जाने की शिकायत को लेकर आज जिले भर में कार्रवाई की गई। राजस्व, कृषि और पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने जिले के तीनों ब्लाकों में फर्टिलाइजर के भंडारण एवं दाम को लेकर औचक निरीक्षण किया। धमधा में हुई जांच को लेकर जानकारी देते हुए एसडीएम बृजेश क्षत्रिय ने बताया कि धमधा, अहिवारा और मुरमुंदा के दुकानों का निरीक्षण किया गया। यहां भंडारण की जांच की गई और मूल्य को लेकर भी जांच की गई। यहां किसी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई। दुर्ग ब्लाक के निरीक्षण पर एसडीएम विनय पोयाम ने बताया कि यहां पर भंडारण की विशेष रूप से जांच की गई। उप संचालक कृषि राजपूत ने बताया कि भंडारण के साथ ही जरूरी फाइलों का संधारण भी देखा गया। चार में तीन दुकानों में जरूरी फाइलों का संधारण नहीं किया गया था। उन्हें नोटिस जारी किया गया है। पाटन में टीम सोनपुर में जांच कर रही थी। समाचार लिखे जाने तक टीमों द्वारा फर्टिलाइजर दुकानों की जांच जारी है।

### उत्तर प्रदेश देश में 1 नंबर का शहर बने यह प्रियंक जी की कल्पना है- कुरैशी

**भिलाई।** छत्तीसगढ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रियंका गांधी वाड्रा ने एबीपी के कार्यक्रम में कांग्रेस के तरफसे यूपी विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जो जारी किया है उस घोषणा पत्र को पढ के सुन के हिन्दुस्तान के लोगों को बडा आश्चर्य हुआ कि विभिन्न राजनितिक दल के लोग कांग्रेस और चुनाव के दौरान नेहरू गांधी परिवार की खूलेआम आलोचना कर रहे है प्रियंका गांधी ने यूपी की जनता एवं सभी दल के लोगों को परख लिया है और यूपी की जनता ने संप्रदायिक जातिगत राजनीति को भी देखा है जबकि यूपी के अंदर जबदस्त मंहगाई है से रोजी रोटी कमाना मुश्किल हो गया है लोगों का जीवन दूभर हो गया है और राजनीतिक दल जाति और धर्म की बात कर के यूपी की जनता को गुमराह किये जा रहे है। प्रियंका गांधी ने घोषणा पत्र की कुछ प्रतिज्ञाओं के लिए समय मांगा है समय पर उन वादों को पूरा करेंगे प्रियंका जी ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट किया है कि जिन समस्याओं का निदान हमारी सरकार कर सकती है ऐसे घोषणाओं को तत्काल पूरा करने का प्रयास किया जायेगा और अन्य राजनीतिक दल की तरह केवल घोषणाएं नहीं करना चाहते और हम ना किसाी राजनीतिक दल की आलोचना करना चाहते है यूपी की जनता के सामने ढेर सारी समस्या है आपकी समस्या का हल नही ंकर सकते और आपको अपने पैरों में खडे होने के लिए मौका भी नहीं दे रहे है केवल गुमराह करने वाला घोषणा पत्र जारी कर के वाहवाही लूटना ये हमारा काम नहीं है बल्कि यूपी की जनता के सामने हमे आते रहना है ऐसी स्थिति में हमारा नैतिक कर्तव्य होता है कि जिन मुददों को जल्दी से जल्दी निराकरण किया जा सकता है ऐसी समस्याओं के बारे मे ंहमे बात करना चाहिए । प्रियंका जी ने लॉ एन्ड ऑर्डर और एंकाउन्टर राज के फर्क औवेसी पर हमले के बाद विपक्ष एकजुट क्यो नहीं हुआ इस सवाल का जवाब प्रियंका गांधी जी ने बेबाकी से जवाब दी कि मैं डरती नहीं लॉ एन्ड ऑर्डर कायम है तो लोगों को पिटना और हिरासत में मारने को आप लॉ एन्ड आर्डर कहते है। तो मुझे नहीं लगता कि ये लॉ एन्ड आर्डर है इस प्रकार सभी मुददों पर बेबाकी से सिलसिलेवार जवाब दी ।

# बिलासपुर और रायपुर की तर्ज पर दुर्ग में भी बनेगी दुर्ग शहर विकास समिति

## कलेक्टर ने शहर में चल रही बड़ी अधोसंरचनाओं का किया निरीक्षण, तेजी से काम पूरा करने दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। रायपुर और बिलासपुर की तर्ज पर दुर्ग में भी दुर्ग शहर विकास समिति बनेगी। समिति की नियमित अंतराल में बैठक होगी और इसमें शहर के विकास को आगे ले जाने की योजनाओं पर चर्चा होगी। यह निर्णय आज दुर्ग शहर के विकास को लेकर हुई समीक्षा बैठक में हुआ। बैठक में महापौर ने इस संबंध में सुझाव रखा। उन्होंने कहा कि विधायक दुर्ग अरुण वोरा की अध्यक्षता में ऐसी समिति बनाई जा सकती है।**



इस पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सुझाव को अमलीजामा पहनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि रायपुर में समिति का काम किस तरह होता है इसका अध्ययन कर लें और शीघ्र ही इसका गठन कर लें। बैठक में विधायक अरुण वोरा ने कहा कि दुर्ग शहर के विकास के लिए अच्छी योजनाएं शासन ने तैयार की हैं और इस पर क्रियान्वयन किया जा रहा है, इससे तेजी से शहर का स्वरूप निखर रहा है। विभागीय समन्वय से चीजें और भी बेहतर होती हैं क्योंकि निगम प्रशासन के भी बहुत कुछ कार्य अन्य विभागों से संबंधित होते हैं ऐसे में इस तरह की समन्वयात्मक बैठकों का विशेष महत्व होता है। अपनी बात रखते हुए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि दुर्ग निगम में चल रहे कार्यों की निरंतर मानिटरिंग की जा रही है। जो अच्छे प्रस्ताव शहर की बेहतरी के लिए लाये गये हैं उन्हें शासन के समक्ष भेजा गया है। शासन स्तर से निरंतर समन्वय कर कार्यों को गति दी जा रही है। बैठक में विधायक वोरा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि की बेहतरी से संबंधित विभागीय समन्वय के बारे में कुछ सुझाव दिये। महापौर ने भी शहर के अधोसंरचना विकास से संबंधित विषय रखे। कलेक्टर ने कहा कि इसकी मानिटरिंग संयुक्त कलेक्टर के स्तर पर होगी। बैठक में नागरिकों की बेहतरी से संबंधित जो भी कार्य सुझाये गये हैं उन पर अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की शहर विकास से संबंधित समीक्षा बैठक शीघ्र ही अन्य निगमों में भी होगी। उन्होंने इसके बाद पूरे शहर की अधोसंरचनाओं का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, आयुक्त हरेश मंडावी, एसडीएम विनय पोयाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**अधोसंरचना**- बैठक में ठगड़ा बांध, आडिटोरियम, सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि तेजी से गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य हमारा लक्ष्य है। इस उद्देश्य से नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। आज कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ सड़क चौड़ीकरण के कार्य भी देखे और वायशेप ब्रिज से लेकर गंज पारा तक निर्माणाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्य प्राथमिकता से समय पर पूरे होंगे। जिन कार्यों में समन्वय की जरूरत थी, उन पर आज चर्चा कर ली गई है। इस पर नगरीय प्रशासन विभाग से चर्चा कर जल्द ही निराकरण कर लिया जाएगा।

**शिक्षा**- शहर में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों के संबंध में विशेष रूप से चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि हमारा फोकस बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराना है। इसके लिए डीएमएफमद से भी राशि दी गई है। विधायक निधि से भी राशि उपलब्ध कराई गई है। दीपक नगर में स्कूल का कार्य अच्छा हो रहा है। जेडीएस भी अपने पुराने स्वरूप में निखरेगा। इसके लिए निर्देश दिये गये हैं।

**पेयजल**- बैठक में विधायक ने पेयजल का मुद्दा भी रखा। उन्होंने कहा कि गर्मी आने को है और निगम प्रशासन इसकी तैयारी कर लें। निगम आयुक्त ने बताया कि पुरानी पाइपलाइन से नई पाइपलाइन कनेक्शन के लिए कुछ समय शटडाउन करना पड़ता है कोशिश होती है कि शीघ्रता से यह काम पूरा हो जाए।

**इंदिरा मार्केट की ट्रैफिक**- बैठक में इंदिरा मार्केट की ट्रैफिक पर विशेष रूप से चर्चा हुई। विधायक और महापौर ने ट्रैफिक के लिए एक विशेष जगह चिन्हांकित करने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने निगम आयुक्त एवं अधिकारियों को इसके लिए जगह चिन्हांकित करने तथा ट्रैफिक की समस्या का निदान करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

**महमहा घाट सौंदर्यीकरण**- कलेक्टर ने शिवनाथ नदी के किनारे घाट का निरीक्षण भी किया। यहां उन्होंने लैंडस्केपिंग और ब्यूटीफिकेशन के लिए बने प्रपोजल को देखा और अधिकारियों को इसमें सुझाव दिये। उन्होंने पूरा काम शीघ्र पूरा करने निर्देश दिये।

# संभागायुक्त कावरे ने विडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से दिए कलेक्टर्स को निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। संभागायुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे ने विडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से संभाग के समस्त कलेक्टर, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचयतो एवं संभाग के समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को शासन की योजनाओं में गति लाने के संबंध में निर्देश दिए। संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर्स को सी-मार्ट की स्थापना हेतु सभी कार्यवाहियां पूर्ण करने निर्देश दिया।**

कावरे द्वारा कोविड टीकाकरण के कार्य में धीमी गति होने पर कलेक्टर बेमेतरा/कबीरधाम को टीकाकरण की गति बढाने के संबंध में निर्देश देते हुए समस्त जिलो को शहरी क्षेत्रो में रात्रि 10 बजे तक टीकाकरण किए जाने हेतु सुझाव दिए गए।

कावरे ने सभी कलेक्टर्स को सुचारू रूप से धान खरीदी का कार्य संपादित किए जाने पर प्रशंसा व्यक्त की एवं निर्देशित किया कि 31 मार्च तक धान उठाव किए जाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार करें। जिला बालोद में केवल 22 प्रतिशत धान उठाव होने पर संभागायुक्त संभागायुक्त ने कलेक्टर से इसका कारण से अवगत होकर कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। इस पर सभी कलेक्टर्स ने संभागायुक्त को आश्वस्त किया कि निर्धारित समय-समी में धान उठाव का कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा।

संभागायुक्त दुर्ग संभाग ने संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएँ एवं कलेक्टर्स को समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु निर्देश दिए एवं धान खरीदी की भुगतान की राशि जल्द ही किसानो को प्राप्त हो इस हेतु सख्त निर्देश दिए। खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में शहरी एवं ग्रामीण युवाओं को अवसर प्रदान करने हेतु राज्य शासन द्वारा नवीन योजना राजीव युवा मितान योजना के तहत संभागायुक्त दुर्ग संभाग द्वारा समस्त कलेक्टर्स को उनके जिले के ग्राम पंचायत में एवं नगरीय निकायों में राजीव युवा मितान क्लब का गठन किए जाने के संबंध में त्वरित कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की गई जिस पर कलेक्टर दुर्ग द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में 42 क्लब का गठन किया जा चुका है शेष क्लब के गठन की कार्यवाही प्रगतिपर है। गोधन न्याय योजना अन्तर्गत जिले में 80 प्रतिशत से अधिक उपयोग हेतु एवं अधिक से अधिक कम्पोस्ट विक्रय किए जाने निर्देश संभागायुक्त द्वारा सभी कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायतो को निर्देश दिए गए। संभागायुक्त ने जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यों की भी समीक्षा कर संभाग में सभी कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

# एसपी-3 के सिंटर मशीन-1 के इग्निशन फर्नेस प्रयुक्त स्लिट बर्नर और रिफ्रैक्टरी लाइनिंग का मॉडीफाइड नेचुरल हीटिंग सिस्टम उद्घाटित




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 के सिंटर मषीन-1 के इग्निशन फर्नेस पुर्जों जैसे स्लिट बर्नर और पार्टिशन प्लेट्स के निर्माण में रिफ्रैक्टरी लाइनिंग का उपयोग किया जाता है और इसके रिफ्रैक्टरी लाइनिंग को पारंपरिक रूप से कोक ओवन गैस से गर्म करके सुखाया जाता है और इस प्रक्रिया के दौरान कई सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करना होता है। इस प्रक्रिया में सुधार हेतु एसपी-3 के मुख्य महाप्रबंधक एस वी नंदनवार के कुशल मार्गदर्शन तथा महाप्रबंधक एस सुनोव के नेतृत्व में तथा सहायक प्रबंधक दिनेश मानिकपुरी के सुपरविजन में एसपी-3 के मेन बिल्डिंग यांत्रिक समूह की टीम ने मॉडीफिकेषन का बीड़ा उठाया।**

इस सृजनषील टीम ने स्लिट बर्नर और पार्टिशन प्लेट्स के निर्माण में प्रयुक्त रिफ्रैक्टरी लाइनिंग को सुखाने हेतु कोक ओवन गैस के स्थान पर आंतरिक संसाधनों का उपयोग करते हुए एक नये मॉडीफाइड स्टैंड का निर्माण किया। इस स्टैंड को सिंटरिंग प्रोसेस के सिंटर कार के अंत में स्थापित किया गया जहां सिंटर निर्माण के दौरान उत्पन्न हीट से ही इस रिफ्रैक्टरी लाइनिंग को सुखाना संभव हुआ। इस मॉडीफिकेषन की मदद से, सिंटरिंग प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न हीट लेकर यह हीटिंग स्वाभाविक रूप से किया जाने लगा।

इस प्रकार कोक ओवन गैस की जरूरत समाप्त हुई और सुरक्षा में वृद्धि हुई। इस मॉडीफिकेषन से जहां इनके सुरक्षित हैंडलिंग को बढ़ावा मिलेगा वहीं इससे ऊर्जा की बचत संभव हो सकेगी। साथ ही एकसमान तापन के कारण रिफ्रैक्टरी की ताकत बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## विधायक महापौर की मौजूदगी में कलेक्टर ने सभी विभागों की ली बैठक

# शहर के सतत विकास के लिए समन्वय स्थापित करना आवश्यक : अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। निगम क्षेत्र में सुस्त गति से चल रहे विकास कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आज वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल व कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे द्वारा सभी विभागों की समन्वय बैठक ली गई ।**



जिसमें ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए निगम की अमृत मिशन योजना एवं पेयजल समस्या पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बार बार शट डाउन की स्थिति से निपटने पम्पों एवं ट्रांसफार्मर की व्यवस्था मार्च मध्य तक ही पूरी करने एवं आम जनता को गर्मी में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने कहा गया।

विधायक वोरा ने कहा कि पुलगांव नाला डाइवर्सन एवं ठगड़ा बांध के काम मे तेजी लाई जाए साथ ही पटरी पार स्थित आदित्य नगर एवं पॉलिटेक्निक कालेज में प्रस्तावित मिनी स्टेडियम का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करें, निगम में आम जनता से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने ध्यान दिया जाए।

संभागीय मुख्यालय होने के कारण आस पास के क्षेत्र से लोगों का आवागमन बना रहता है सभी विभागों को बेहतर तालमेल कर जल्द से जल्द विकास कार्यों को संपूर्णता देना आवश्यक है। लोनिवि के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 64 करोड़ के प्रमुख सड़क का काम जनवरी 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके अंदर सभी कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पोटिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इसी माह के अंत तक तैयार कर लिया जाएगा व हमर लैब का संचालन भी जल्द ही जिला अस्पताल में शुरू किया जाएगा।

वोरा ने राजीव आश्रय योजना के अंतर्गत पट्टा वितरण के कामों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि इस तरह की बैठकों से ही शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी। कलेक्टर कार्यालय में हुए संयुक्त बैठक में मुक्तिधाम संधारण, गौरव पथ, उद्यान निर्माण, शहरी क्षेत्र में चल रहे सभी विकास कार्यों की सतत निगरानी रखने शहर विकास समिति बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के तुरंत बाद कलेक्टर श्री भूरे ने विधायक वोरा की मंशा अनुरूप अधिकारियों को साथ लेकर शहर के दौरे पर निकले एवं कई मामलों पर संज्ञान लिया। इस दौरान निगम आयुक्त हरेश मंडावी, एल्डरमैन राजेश शर्मा, अंशुल पांडेय, लोनिवि से अशोक श्रीवास, सी एस ओगरे, निगम अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, प्रकाश थवानी, जिला योजना एवं सांख्यिकी, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने किया दुर्ग भ्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जिले में सड़कों पर रहने वाले बालकों की पहचान के संबंध में जानकारी प्राप्त करने तथा सर्वे करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की टीम ने जिले का भ्रमण किया। टीम में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सलाहकार द्वय सु अंशु शर्मा एवं सु पूजा पुठेना शामिल थी। टीम के द्वारा जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभा कक्षा में जिला प्रशासन के विभिन्न सहयोगी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।**




बैठक में विपिन जैन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जागेश्वर कौशल डिप्टी कलेक्टर, संजय पुढीर, उप पुलिस अधीक्षक, डॉ जीएस ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सुरेंद्र पांडे शिक्षा विभाग, रमेश प्रधान श्रम पदाधिकारी, मती प्रीति डांगरे प्रभारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

आयोग की टीम के द्वारा सर्वप्रथम विभागवार बच्चों के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। श्रम पदाधिकारी द्वारा या अवगत कराया गया कि दुर्ग जिले में बालश्रमिकों के चिन्हांकन एवं बाल श्रम की रोकथाम हेतु नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है, उन्होंने यहां भी अवगत कराया कि दुर्ग जिले में कलेक्टर डॉ. सर्वेष्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर स्ट्रीट चिल्ड्रन के संरक्षण एवं रोकथाम हेतु टीम बनाकर प्रतिदिन अभियान चलाकर ऐसे बच्चों की पहचान एवं संरक्षण का कार्य किया जाता है। आयोग की टीम के द्वारा उपरोक्त प्रयास की सराहना करते हुए इसे देश के अन्य जिलों में भी लागू करने हेतु सुझाव दिए। शिक्षा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में कोविड-19 के दौरान माता-पिता को खोने वाले 900 से अधिक बच्चों को महतारी दुलार योजना के तहत पंजीकृत करते हुए उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि मुस्कान अभियान के अंतर्गत गुमशुदा 10 बच्चों को खोज कर उनके परिवार के सुपुर्द किया गया तथा अभिव्यक्ति अभियान के तहत संकटग्रस्त बच्चों की मदद भी की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में प्रत्येक शुक्रवार को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जाता है तथा रेस्क्यू किया गया बच्चों की तत्काल जांच कर, उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए नशा मुक्ति केंद्र ना होने के कारण परेशानियां आती है, जिस पर आयोग की टीम के द्वारा प्रस्ताव भेजकर समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में आयोग की टीम के द्वारा बाल स्वराज पोर्टल पर समस्त स्ट्रीट चिल्ड्रन को पंजीकृत करने की जानकारी दी गई।

इस दौरान बाल संरक्षण हेतु विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर आपसी संबंधों की स्थिति की आयोग के द्वारा सराहना की गई तथा जिला प्रशासन के सहयोग से बाल संरक्षण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कार्य की भी प्रशंसा की गई। बैठक उपरांत आयोग के द्वारा एनसीसी तथा एनएसएस के बच्चों जिला बाल संरक्षण की टीम के सदस्यों तथा पुलिस विभाग के साथ टीम बनाकर जिले के शनि मंदिर कथा रेलवे स्टेशन पहुंचकर स्ट्रीट चिल्ड्रन का सर्वे भी किया। शासकीय बालगृह का भी निरीक्षण किया गया तथा वहां निवासरत बच्चों से बातचीत भी की गई।

# कंडम मार्शल गाड़ी को संधारण कर नया जैसा बनवाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देशनुसार जो चलने लायक नहीं व कंडम स्तिथि में थी। गैरेज प्रभारी शोएब अहमद ने कबाड़ मार्शल को अपनी मेहनत से आयुक्त के आदेश के बाद संधारण कर नया जैसा बनवाया।**




उसको इस कार्य के लिए उपयोगी बनाया उसकी कीमत आज 3 लाख से अधिक कीमत हो गई है। महापौर बाकलीवाल ने मार्शल को नया स्वरूप के साथ पूजा अर्चना कर रवाना किया। इस कंडम मार्शल को उपयोग किए गए मार्शल वाहन को नया रूप देते हुए नया तर्ज पर तैयार किया है। इसमे विशेषता यह है कि इसे बनाने के लिए कबाड़ की सामग्री जैसे पुराना व सामानों का उपयोग किया गया। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडावी ने इस कार्य के लिए गैरेज प्रभारी व विभाग के टीम की प्रशंसा की।

उन्होंने ये भी कहा कि कर्मशाला में जितनी भी कंडम गाड़ी पड़ी हुई है उस गाड़ी को उपयोग हेतु तैयार करें। सहायक अभियंता व नोडल अधिकारी आर.के जैन, नोडल अधिकारी प्रकाश चंद थावनी,लेखा अधिकारी राज कमल बोरकर, कर्मशाला अधीक्षण वीरेंद्र ठाकुर,उपअभियंता पंकज साहू,सूरज सारथी समेत अन्य मौजूद थे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950